हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 04 अंक–65 : जौनपुर, सोमवार 25 अप्रैल 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## विश्व का सैन्य खर्च 2.1 खरब डॉलर के सर्वोच्च स्तर पर : भारत तीसरे स्थान पर पहुंचा

नई दिल्ली ब्यूरो : रूस व यूक्रेन के बीच जारी जंग के बीच एक और बड़ी खबर आई है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (एसआईपीआरआई) के अनुसार विश्व में सैन्य खर्च 2.1 खरब डॉलर के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गया है। भारत सैन्य खर्च के मामले में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। अमेरिका व चीन हथियारों पर खर्च के मामले में सबसे आगे हैं। उनके बाद भारत ने स्थान ले लिया है। एसआईपीआरआई की वर्ष 2021 की रिपोर्ट के अनुसार इस साल अमेरिका, चीन, भारत, ब्रिटेन व रूस ने हथियारों पर सबसे ज्यादा खर्च किया। रिपोर्ट के अनुसार 2021 में भारत 76.6 अरब डॉलर का सैन्य खर्च कर दुनिया में तीसरे स्थान पर है। इसमें 2020 की तुलना में 0.9 फीसदी और 2012 की तुलना में 33 फीसदी वृद्धि हुई है। जब दुनिया कोरोना महामारी से जूझ रही थी, तब भी दुनियाभर के देशों ने हथियारों पर खर्च बढ़ाया है। इतना ही नहीं महामारी के दूसरे साल में विश्व का सैन्य खर्च 2.1 खरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। इस तरह लगातार सातवें साल सैन्य खर्च में बढ़ोतरी दर्ज हुई है। रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका असल में पूरी दुनिया का सैन्य खर्च 0.7 फीसदी बढ़ा और यह 2113 अरब डॉलर रहा। अमेरिका ने समीक्षाधीन वर्ष में 801 अरब डॉलर का सैन्य खर्च किया। इसमें बीते वर्ष की तुलना में 1.4 प्रतिशत की



गिरावट आई। अमेरिका ने रक्षा शोध पर 24 फीसदी खर्च किया तो हथियार खरीदी पर 6.4 फीसदी कम खर्च किया। सबसे ज्यादा सैन्य खर्च करने वाले पांचों देशों की 2021 में कुल सैन्य खर्च में 62 फीसदी हिस्सेदारी रही। जहां जीडीपी में गिरावट आई और महंगाई के बोझ से जनता जूझती रही वहीं हथियारों पर खर्च 6.1 फीसदी बढ़ गया। संगठन के मुख्य शोधार्थी डॉ. डिएगो लोप्स डे सिल्वा ने कहा कि कोरोना महामारी से उबरने के बाद रक्षा खर्च में तेजी से बढ़ोतरी हुई और वैश्विक जीडीपी का 2.2 हो गया। हालांकि, 2020 में यह विश्व जीडीपी का 2.3 फीसदी रहा था। दूसरे स्थान पर चीन रहा। चीन ने रक्षा पर 293 अरब डॉलर खर्च किए। 2020 की तुलना में उसने रक्षा व्यय में 4.7 फीसदी की वृद्धि की। चीन की तुलना में भारत की वृद्धि मामूली है।

## कोरोना के दौरान काम करने वाले स्वास्थ्यकर्मियों को मिलेगा तोहफा : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कोरोना महामारी के दौरान अस्पतालों में कार्य करने वाले कार्मिकों की सेवाभावना प्रेरणास्पद है। ऐसे कार्मिकों के भविष्य की सुरक्षा के विभिन्न सेवाओं में वेटेज दिया जाना चाहिए। उन्होंने इस संबंध में प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री योगी सोमवार को टीम–9 के साथ प्रदेश में कोरोना संक्रमण की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया कि विगत कुछ दिनों से कोविड के नए केस में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। हालांकि स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार इस बार वायरस कमजोर है, संक्रमण तीव्र नहीं है। विशेषज्ञों के अनुसार संभव है कि आने वाले दिनों में नए पॉजिटिव केस में इजाफा देखने को मिले, किंतु वायरस का यह वैरिएंट सामान्य वायरल की तरह ही है। कोविड टीका लगवा चुके लोगों के लिए खतरे की संभावना न्यून है। बच्चों की स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर हमें सतर्क रहना होगा। उन्होंने कहा कि एनसीआर व लखनऊ जैसे जिलों में जहां केस अधिक मिल रहे हैं, वहां फेस मास्क की अनिवार्यता को प्रभावी बनाया जाए। लोगों को कोविड प्रोटोकॉल का अनुपालन के लिए जागरूक किया जाए। पब्लिक एड्रेस सिस्टम का प्रभावी ढंग से इस्तेमाल किया जाए। मंत्रिपरिषद के समक्ष सभी विभागों की आगामी 100 दिन, 06 माह, 01 वर्ष, 02 वर्ष और 05 वर्ष की कार्ययोजना का प्रस्तुतिकरण संपन्न हो चुका है।मंत्रिपरिषद के सदस्यों के सुझावों को समाहित करते हुए अब कार्ययोजना के क्रियान्वयन पर जोर होना चाहिए। निर्धारित लक्ष्य की समयबद्ध रूप से पूरा किया जाए। प्रगति रिपोर्ट को मुख्यमंत्री कार्यालय से अवगत कराया जाए। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों की शिकायत, समस्याओं और सुझावों के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय सदैव तत्पर रहे। इस संबंध में आवश्यक व्यवस्था बनाई जाए। प्रदेश सरकार ने विगत 05 वर्ष के शिक्षा क्षेत्र में व्यापक सुधार किए हैं। प्रदेश में आईटीआई, पॉलिटेक्निक, महाविद्यालय, कौशल विकास केंद्र व विश्वविद्यालयों की स्थापना कराई है। जो संस्थान अभी संचालित नहीं हो सके हैं उनके




शीघ्र क्रियान्वयन की व्यवस्था की जाए। एंटी करप्शन पोर्टल को एक्टिव रखने का निर्देश मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिया कि एंटी करप्शन पोर्टल को एक्टिव रखें, हर शिकायत का गम्भीरता से संज्ञान लें। हर विभाग में मानव संसाधन की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए अनावश्यक तैनात, अतिरिक्त मानव संसाधन का उचित समायोजन किया जाए। पूर्वी उत्तर प्रदेश में संचारी रोग की स्थिति को देखते हुए चिकित्सा संस्थानों में डॉक्टरों, पैरामेडिक्स, दवाओं आदि की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए। इस संबंध में स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक प्रबंध किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में वर्तमान में कुल एक्टिव केस की संख्या 1277 है। विगत 24 घंटों में 94324 कोरोना टेस्ट किए गए, जिसमें 210 नए कोरोना मरीजों की पुष्टि हुई। इसी अवधि में 132 लोग उपचारित होकर कोरोना मुक्त भी हुए। गौतमबुद्ध नगर में 120, गाजियाबाद में 49 और लखनऊ में 12 नए पॉजिटिव मरीजों की पुष्टि हुई है। इन जिलों में अतिरिक्त सतर्कता बरती जाए। प्रदेश में 31 करोड़ 10 लाख से अधिक कोविड टीकाकरण के साथ ही 18 वर्ष से अधिक आयु की पूरी आबादी को टीके की कम से कम एक डोज लग चुकी है, जबकि 87.47 प्रतिशत से अधिक वयस्क लोगों को दोनों खुराक मिल चुकी है। 15 से 17 आयु वर्ग में 94.62 प्रतिशत किशोरों को पहली खुराक मिल चुकी है और 63.77 प्रतिशत से किशोरों को दोनों डोज लग चुकी है। बच्चों के टीकाकरण को और तेज करने की आवश्यकता है। 12 से 14 आयु वर्ग के बच्चों को पहली डोज के बाद अब पात्रता के अनुसार दूसरी डोज भी दी जाए।

## थाना बनने से उत्साहित हुए ग्रामीण : प्रथम थानाध्यक्ष का हुआ जोरदार स्वागत

जौनपुरः ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : जनपद के तेजी बाजार पुलिस चौकी पर नवनियुक्त थानाध्यक्ष का हुआ जोरदार स्वागत आयोजित कार्यक्रम में महाराष्ट्र पूर्व राज्य मंत्री कृपाशंकर के भतीजे पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्याम राज सिंह द्वारा फूल बुके स्मृति चिन्ह देकर थानाध्यक्ष अश्वनी दुबे को सम्मानित किया गया इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कहा तेजीबाजार क्षेत्र के विकास के लिए यह नवसृजित थाना एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगा इस मौके पर पूर्व आयकर आयुक्त गौरीशंकर सिंह ने कहा महराजगंज, बक्सा ,मछलीशहर थाने की अधिक दूरी होने के कारण यहां एक थाने की लंबे समय से जरूरत थी जिसे पूर्व गृह राज्य मंत्री के प्रयास से सरकार ने पूरा कर दिया नवसृजित थाने से क्षेत्र में अपराधों पर अंकुश लगने के साथ–साथ क्षेत्र का विकास होगा इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों द्वारा प्रथम थानाध्यक्ष का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया इस दौरान डॉ विकास सिंह



जिला पंचायत सदस्य ,डॉ उपेंद्र सिंह ,भानु प्रताप सिंह ,महेंद्र प्रताप सिंह ,रतन सिंह ,अरविंद सिंह ,कमलाकर मिश्र, सुनील सिंह ,धर्मेंद्र तिवारी ,अमित पाण्डेय,बबलू सिंह ,अमृत सिंह ,राजकरन बिंद और सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रीय जनता उपस्थित रही।

## भारतीय समाज का हृदय बसता है गांव में, वहां खुशहाली जरूरी : मेनका

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका संजय गांधी ने दौरे के तीसरे दिन व अंतिम दिन जम्मू कश्मीर में प्रधानमंत्री के पंचायती राज दिवस पर सीधा प्रसारण देखा व लंभुआ विधानसभा के आधे दर्जन से अधिक गांवों में चौपाल लगाकर जनता से सीधा संवाद स्थापित किया ।इसके पूर्व सांसद श्रीमती गांधी ने शास्त्रीनगर स्थित अस्थाई आवास पर जनता दरबार लगाकर सैकड़ों लोगों की समस्याओं का निपटारा भी किया। रविवार को सांसद मेनका संजय गांधी ने दौरे के तीसरे व अंतिम दिन शहर विधायक विनोद सिंह के साथ गुप्तारगंज कस्बे में ग्रामीणों व पंचायत प्रतिनिधियों के साथ राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर जम्मू कश्मीर से प्रसारित हो रहे प्रधानमंत्री के सीधे प्रसारण को देखा ।इस मौके पर सांसद मेनका गांधी ने राष्ट्रीय पंचायत दिवस पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि भारतीय समाज का हृदय गांव में बसता है वहां खुशहाली लाना जरूरी है। उन्होंने कहा पंचायती राज व्यवस्था में गांवों को ताकतवर बनाया गया है। उन्होंने कहा सरकार की मंशा अनुसार समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने में विकास विभाग के अधिकारी, कर्मचारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता से काम करें। कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि शहर विधायक विनोद सिंह ने संबोधित करते हुए कहा पंचायतों की विकास ही हमारी प्राथमिकता है। हमारा दायित्व है कि उन योजनाओं को गांव गांव में लागू करें और ग्रामीणों को इसका लाभ देकर उन्हें सम्मानित करें ।कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बात करते हुए सांसद श्रीमती गांधी ने कहा विकास कार्यों के संचालन के लिए विकास की सबसे ऊपर की कड़ी प्रधानमंत्री की सबसे नीचे की कड़ी ग्राम प्रधान से संवाद स्थापित होना एक सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा भाजपा सरकार ने जितना गांव के विकास के लिए किया इसके पहले किसी भी सरकारों ने नहीं किया। उन्होंने कहा पंचायती राज व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए हर सरपंच व प्रधान की ट्रेनिंग होनी चाहिए उनको अपना दायित्व मालूम होना चाहिए। उन्होंने कहा अगर प्रधानों में कांफिडेंस आ जाए कि हम लोग पैसा खर्च करने के अलावा पुराने प्रधानों व सरपंचों की तरह छोटे–मोटे लड़ाई–झगड़ों ,गिले– शिकवों को गांव में ही बैठकर दूर कर सकते है ।इससे निश्चित रूप से गांव में भाईचारा बढ़ेगा और गांव ताकतवर होंगे ।श्रीमती गांधी ने कहा आज प्रधानी के चुनाव में लड़ाई बड़ी




तीखी और बहुत प्रखर होती है और इसमें हमेशा के लिए दुश्मनी बन जाती है। उन्होंने कहा अगर प्रधान अपने दायित्व को समझे तो गांव में खुशहाली लाने के साथ सुंदर भी बना सकता है। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा अगर कृषि विज्ञान केंद्र अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए गांव–गांव में युवाओं को आधुनिक,वैज्ञानिक खेती का प्रशिक्षण देना शुरू कर दे और लोगों को गेहूं, धान व गन्ना की खेती के अलावा नगदी फसलों की के बारे में बताएं ।इससे गांव आर्थिक रुप से मजबूत और सशक्त होगें। और युवा की दिलचस्पी भी गांव की तरफ बढ़ेगी ।उन्होंने कहा कृषि विज्ञान केंद्र के लोग कमरों में बैठकर काम करते हैं ।उनको चारदीवारी से बाहर निकलकर गांव में जाकर युवाओं को प्रशिक्षित करना होगा। श्रीमती गांधी ने इसके उपरांत लंभुआ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत सकरसी, बरसड़ा, खड्डुआन, खसड़े, गारापुर ,भटेरा समेत आधे दर्जन से अधिक ग्राम पंचायतों में चौपाल के माध्यम से जन समस्याओं का निस्तारण भी किया ।सांसद श्रीमती गांधी ने जन–चौपालों में अपने विकास कार्यो की विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि मैने अपने राजनीतिक जीवन में जाति–धर्म से ऊपर उठकर लोगों की मुसीबतों में मदद करने का कार्य किया है। उन्होंने कहा मैं चाहती हूं कि गांव में लड़ाई– झगड़े कम हो। उन्होंने बताया की मैंने दिशा बैठक में गांव के जमीनी विवाद को निपटाने के लिए लेखपालों को 10:00 से 2:00 बजे तक गांव में बैठकर विवादों को निपटाने का निर्णय किया है ।यह निर्णय जल्द ही जमीनी स्तर पर लागू होगा। सांसद मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी ने जानकारी दी कि सांसद श्रीमती गांधी ने आज जनता दरबार में दूरदराज से आए हुए सैकड़ों लोगों की समस्याओं को सुना और प्रशासनिक अधिकारियों को दूरभाष पर मामले को निपटाने का निर्देश किया ।श्रीमती गांधी 3:30 बजे पूर्वांचल एक्सप्रेस होते हुए दिल्ली के लिए रवाना हो गई। रविवार को सांसद श्रीमती गांधी के साथ प्रतिनिधि रणजीत कुमार,विजय त्रिपाठी, श्याम बहादुर पांडे, राजेश पांडे, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कूरेभार नवनीत सिंह ,आकाश जायसवाल, सुजीत सिंह,जगदीश चौरसिया, रामप्यारे निषाद, प्रशांत द्विवेदी,अनिल तिवारी, प्रवीण सिंह, संजय सरोज, कमलेश वर्मा, सत्य प्रकाश बरनवाल, राजेश सिंह,राजीव सिंह,अनवर खान आदि मौजूद रहे।

## डीएम गोरखपुर का अभिनव प्रयोग : परीक्षा होगी बच्चों की नंबर मिलेंगे गुरुजी को

गोरखपुर ब्यूरो : परीक्षा बच्चों की होगी और रिजल्ट शिक्षकों का आएगा। रिजल्ट आने पर चिन्हित कमजोर बच्चों को किया जाएगा और पढ़ाया गुरुजी को जाएगा। चौंक गए न, यह होगा आने पर कमजोर बच्चे चिह्नित किए जाएंगे। इसमें खास बात यह है कि बच्चों की जगह शिक्षकों को पढ़ाया जाएगा। इसके लिए सरल एप के जरिये बच्चों के लर्निंग आउटकम जानने के लिए 25 व 26 अप्रैल को परीक्षा होगी। प्रदेश में पहली बार परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले कक्षा एक से आठ तक के तीन लाख बच्चों की योग्यता का आंकलन होगा। ओएमआर शीट पर इनकी परीक्षा होगी और छात्रों द्वारा भरी गई शीट को सरल एप पर शिक। शिक्षकों के स्कैन करते ही तुरंत परिणाम आ जाएगा। –रिजल्ट घोषित होने के बाद कमजोर बच्चों को विषयवार चिह्नित कर सूची बनाई जाएगी। इसी आधार पर संबंधित स्कूलों के शिक्षकों को प्रतिष्ठित संस्थान खान एकेडमी, एलएलएफ, विक्रमशिला, आइआइटी गांधीनगर के विषय विशेषज्ञ शिक्षकों को पढ़ाने का प्रशिक्षण देंगे ।इसके लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने इन संस्थानों से करार किया है।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## बड़े ही धूमधाम से मनाया गया राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस



सुजानगंज ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : कांग्रेस के मुंगरा बादशाहपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी व प्रणवम् स्कूल के प्रबंधक डॉ. प्रमोद के सिंह के आवास पर '' राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस '' मनाया गया ! डॉक्टर सिंह ने कहा ये दिन भारतीय संविधान के 73वें संशोधन अधिनियम, 1992 के पारित होने का प्रतीक है, जो 24 अप्रैल 1993 से लागू हुआ था । आपको बता दें, देश में पंचायती राज पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी लेकर आए थे ! 2 अक्टूबर 1959 को पंचायती राज की मजबूत नींव देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी ने रखी थी, उस पर अधिकारों की एक शानदार इमारत खड़ी करने का काम राजीव गांधी जी ने किया था ! पंचायती राज से जुड़ी संस्थाएं मजबूती से विकास कार्य कर सकें, इस सोच के साथ राजीव गांधी ने देश में पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त किया. राजीव गांधी का मानना था कि जब तक पंचायती राज व्यवस्था सफल नहीं होगी, तब तक निचले स्तर तक लोकतंत्र नहीं पहुंच सकता ! उन्होंने अपने कार्यकाल में पंचायती राज व्यवस्था का पूरा प्रस्ताव तैयार कराया. राजीव गांधी की सरकार की ओर से तैयार 64वें संविधान संशोधन विधेयक के आधार पर तत्कालीन नरसिम्हा राव सरकार ने 73वां संविधान संशोधन विधेयक पारित कराया. 24 अप्रैल 1993 से पूरे देश में पंचायती राज व्यवस्था लागू हुआ. जिससे सभी राज्यों को पंचायतों के चुनाव कराने को मजबूर होना पड़ा ! पंचायत भारतीय समाज की बुनियादी व्यवस्थाओं में से एक रहा है. महात्मा गांधी ने भी पंचायतों और ग्राम गणराज्यों की वकालत की थी , उन्होंने कहा था कि गांव की पंचायत के पास अधिकार होने चाहिए ! गांधी के सपने को पूरा करने के उद्देश्य से ही 1992 में संविधान में 73वां संशोधन किया गया और पंचायती राज संस्थान का कॉन्सेप्ट पेश किया गया. बता दें, स्वतंत्रता के बाद से, समय–समय पर भारत में पंचायतों के कई प्रावधान किए गए और 1992 के 73वें संविधान संशोधन अधिनियम के साथ इसको अंतिम रूप दे दिया गया था । कार्यक्रम की अध्यक्षता कृपा शंकर पटेल तथा संचालन विजय शंकर दुबे ने किया । कार्यक्रम को आनंद सिंह ,ललित चौरसिया ,भरत पटेल ,नीरज सरोज , धीरज उपाध्याय आदि लोगों ने संबोधित किया , कुलदीप पाण्डेय आये हुए अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया । सिद्धार्थ मणि तिवारी , पंकज मणि तिवारी ,पंकज सिंह ,अजीत शर्मा , सुनीता सोनी , नीलम सोनी, नीता तिवारी, नीता यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## वृद्ध माता पिता की सेवा सबसे पुनीत कार्य : डॉ अंजना सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : हिंदू भगवा वाहिनी के प्रदेश संगठन महामंत्री शैलेन्द्र सिंह की माता वंशराजी देवी जी की प्रथम पुण्यतिथि को वृद्धा आश्रम प्रेम राजपुर( पानदरीबा) में मनाया गया। श्रद्धांजलि समारोह में जनपद के अलग–अलग स्थानों से लोगों ने आकर




माता जी को श्रद्धांजलि दी और वृद्धजनों को भोजन करा कर माता जी की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की इस अवसर पर भजन गायक आशीष पाठक ने गीतों के माध्यम से मां को श्रद्धांजलि दिया। इस मौके पर राष्ट्रीय हिंदू भगवा वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रमेश सिंह प्रदेश अध्यक्ष डॉ अंजना सिंह राष्ट्रीय संगठन महामंत्री प्रदीप तिवारी सीमा तिवारी अर्चना श्रीवास्तव शिवांगी सिंह रेखा सिंह मनोज सिंह सुधीर सिंह राजीव सिंह देवेश उपाध्याय काशीनाथ आदि अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
पवित्रता की शक्ति इतनी प्रबल है जो सारे विश्व के दुःख दूर कर सकती है।
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# मौद्रिक नीतिः महंगाई पर अंकुश लगाने की कवायद

भारतीय स्टेट बैंक ने कोष पर सीमांत लागत आधारित ऋण दर (एमसीएलआर) में 15 आधार अंकों का इजाफा किया है, जो विभिन्न अवधि के ऋणों पर 15 अप्रैल से प्रभावी हो गया है। इससे आम आदमी, कारोबारियों एवं उद्योगपतियों को ऋण पर ज्यादा किस्त और ब्याज चुकाना होगा। माना जा रहा है कि ऋण दर बढ़ने से उफनती महंगाई के दौर में लोगों की मुश्किलें और भी ज्यादा बढ़ेंगी। बैंक ने एक वर्ष की अवधि के लिए एमसीएलआर को बढ़ाकर 7.1 फीसदी कर दिया है, जबकि दो और तीन वर्ष के लिए एमसीएलआर को बढ़ाकर क्रमशः 7.3 प्रतिशत और चार प्रतिशत कर दिया है। एमसीएलआर बैंकों की मानक ब्याज दर होती है, जिस पर बैंक ग्राहकों को ऋण देते हैं।

भारतीय स्टेट बैंक के साथ कुछ और बैंकों ने भी अपनी ऋण दरों में बढ़ोतरी की है। बैंक ऑफ बड़ौदा ने 12 अप्रैल को एमसीएलआर में पांच आधार अंकों की वृद्धि की है। वहीं ऐक्सिस बैंक ने एमसीएलआर में पांच आधार अंकों की बढ़ोतरी की है, जबकि कोटक महिंद्रा ने एक वर्ष की अवधि के लिए एमसीएलआर में पांच आधार अंकों की वृद्धि की है, जिससे यह 7.4 प्रतिशत के स्तर पर आ गया है। कोटक महिंद्रा के एमसीएलआर की बढ़ी हुई नई दर 16 अप्रैल से प्रभावी हो गई है।

बढ़ती महंगाई पर काबू पाने के लिए वित्तीय प्रणाली में मौजूद तरलता को सोखना जरूरी है, क्योंकि सस्ती दर पर ऋण मिलने से लोग उधारी लेकर ज्यादा खर्च करते हैं, जिससे महंगाई को बढ़ावा मिलता है। फिर भी, जोखिम लेते हुए भारतीय रिजर्व बैंक ने अपने ताजा मौद्रिक समीक्षा में समायोजन रुख को कायम रखा था, लेकिन यह भी साफ कर दिया था कि महंगाई को नियंत्रित करना केंद्रीय बैंक की प्राथमिकता में है, और जल्द ही इसे नियंत्रित करने के लिए वह नीतिगत दरों में इजाफा कर सकता है।

रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध के कारण महंगाई काबू में नहीं आ रही है। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित महंगाई दर 14.55 प्रतिशत के साथ मार्च में चार महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई, जो पिछले वर्ष के नवंबर महीने में दर्ज 14.87 प्रतिशत से मामूली रूप से कम है। नवंबर महीने में भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत उच्च स्तर पर बनी हुई थी, लेकिन साथ में कई घरेलू कारण भी उच्च महंगाई स्तर के लिए जिम्मेदार थे।

वित्त वर्ष 2022 में डब्ल्यूपीआई दो अंकों में बनी रही, जबकि औसत मुद्रास्फीति 12.96 प्रतिशत रही, जो 30 वर्षों में सबसे अधिक थी। रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध के बीच डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति में आए उछाल में सबसे बड़ा योगदान कच्चे तेल का है। महंगाई को देखते हुए रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2023 के लिए, अपने वृद्धि अनुमान को संशोधित कर 7.8 प्रतिशत से घटा कर 7.2 प्रतिशत कर दिया है, जबकि पूरे वर्ष के लिए मुद्रास्फीति अनुमान को 4.5 फीसदी से बढ़ाकर 5.7 फीसदी कर दिया है।

भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2021–22 में बैंक ऋण में 8.59 प्रतिशत और जमा में 8.94 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। ऋण वितरण के प्रतिशत में वृद्धि होना बताता है कि आर्थिक गतिविधियों, जैसे मांग और आपूर्ति में तेजी आ रही है। यह इसका भी संकेत है कि देश कोरोना काल के नकारात्मक प्रभावों से बाहर आ रहा है। हालांकि, ऋण दर के बढ़ने से ऋण की वृद्धि रफ्तार में रुकावट आ सकती है। वर्तमान में महंगाई को काबू करने के लिए रिजर्व बैंक महंगी दर पर बैंकों को पूंजी उपलब्ध करा रहा है, जिसके कारण बैंकों ने ऋण दरों में इजाफा करना शुरू कर दिया है।

इससे आर्थिक गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने के आसार हैं, क्योंकि महंगी दर पर कर्ज लेने से आमजन, कारोबारी और उद्योगपति परहेज करेंगे, जिससे विविध उत्पादों की मांग और आपूर्ति में कमी आएगी। मौजूदा स्थिति में शीघ्र सुधार की संभावना कम है, क्योंकि रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध जारी है। यदि मानसून ठीक रहा और युद्ध खत्म हो गया, तो देश में चालू वित्तीय वर्ष की दूसरी तिमाही तक महंगाई काबू में आ सकती है और उसके बाद सस्ती ब्याज का दौर फिर से शुरू हो सकता है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## ढाई हजार आशा कार्यकर्त्ता घर–घर दस्तक देकर संचारी रोगों पर कर रही हैं जागरूक

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : जिले में 2 से 30 अप्रैल तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है।इसके तहत 15 अप्रैल से घर–घर दस्तक अभियान शुरू हो चुका हदस्तक अभियान में आशा कार्यकर्त्ता घर–घर जा कर लोगों को संचारी रोगों से बचने के उपाय और रोगों की रोकथाम के लिए जागरूक कर रही हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. डी.के.त्रिपाठी ने बताया कि दस्तक अभियान में जिले की दो हजार पांच सौ इक्कीस आशा कार्यकर्त्ता लगाई गई हैं। सभी अपने–अपने क्षेत्रों में घर–घर जा कर संचारी रोगों के प्रति लोगों को जागरूक करने के साथ ही बुखार के मरीज, कोविड और टी.बी. के संभावित मरीजों और कुपोषित बच्चों की लाइन लिस्टिंग भी कर रही हैं। तैयार सूची को ए.एन.एम. के माध्यम से मुख्यालय पर भी भेजा जा रहा है। यदि कोई टी.बी. या कोविड का संभावित मरीज मिलता है तो उसकी जांच व उपचार शुरू करवाया जा रहा है। कुपोषित बच्चा मिलने पर चिकित्सीय जांच के आधार पर यदि आवश्यक होता है तो जिला कार्यक्रम प्रबंधक के माध्यम से बच्चे को पोषण पुनर्वास केंद्र भेजा जायेगा। जिला मलेरिया अधिकारी बंशी लाल ने कहा कि आशा कार्यकर्ताओं को दस्तक अभियान के तहत और भी जिम्मेदारी दी गई हैं। आशा अपने क्षेत्र में संचारी रोगों पर जागरूकता के लिए मातृ बैठक, ए.ई.एस. चर्चा (एक्यूट इन्सेफ्लाईटिस सिंड्रोम) और एन.जी.ओ. से मीटिंग भी करेंगी।उन्होंने कहा कि जब आशा आपके घर आए तो उन्हें अपने लक्षणों के बारे में सही जानकारी दे ताकि आसानी से बीमारी चिन्हित की जा सके। दस्तक अभियान में आशा कार्यकर्त्ता घर–घर जा कर लोगों से खांसी, जुखाम, बुखार के साथ ही कोविड और टी.बी. के लक्षणों से जुड़े सवाल पूछ रही हैं और से पीड़ितों की जानकारी कर रही हैं।डी.एम.ओ. ने बताया कि अब तक 2521 आशाओं के माध्यम से ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति की 560 बैठक, 15010 घरों का भ्रमण, 1152 मातृ बैठक, ए.ई.एस. चर्चा के लिए 845 वी.एच.एन.डी. दिवस, 4264 क्लोरीनेशन डेमो, और 532 एन.जी.ओ. बैठक और चार जनपद स्तरीय समन्वयक बैठक आयोजित की जा चुकी हैं। इसके साथ ही 96 लोगों की फीवर ट्रेकिंग, लक्षण के आधार पर16 की जांच में सभी निगेटिव मिले, 34 आई.एल.आई. के और 5 टी.बी. के मरीज चिन्हित किये गए। जिनकी उपचार की कार्यवाही सम्बंधित नोडल की ओर से करवाई जा रही है। सर्वे में 4 कुपोषित बच्चे चिन्हित हुए जिनकी जानकारी सम्बंधित अधिकारी को देकर बच्चों का उपचार व पोषाहार दिया जा रहा है।

# गोकुल ग्राम कल्याण समिति के संयोजन में सुंदरकांड पाठ सम्पन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। गोकुल ग्राम योजना प्रथम मुन्नू खेड़ा में अमित बाजपेई के आवास पर सुंदरकांड पाठ किया गया। आचार्य धीरज शास्त्री ने पूजन अर्चन के पश्चात सुंदरकांड पाठ शुभारंभ कराया। आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।गोकुल ग्राम कल्याण समिति के अध्यक्ष धीरेंद्र तिवारी, उपाध्यक्ष आचार्य धीरज शास्त्री, सचिव राजेश प्रजापति, खंड सचिव हेमंत मिश्रा, प्रवक्ता उदय मौर्य, प्रचार मंत्री अमित बाजपेई, हर विलास तिवारी, प्रदीप द्विवेदी, फुलेंद्र यादव, प्रत्यूष पाण्डेय, नीतू, मधु तिवारी, रीता तिवारी, साधना बाजपेई, दीपा, उर्मिला प्रजापति, सीमा जायसवाल, नीतू शुक्ला, आमोद शुक्ला, रिंकी मिश्रा, कुमुद पांडे, आर्यन पांडे, श्रीमती सावित्री बाजपेई, श्रीमती प्रज्ञा पाण्डेय, अंशु अवस्थी, प्रियांशु अवस्थी, आयुष



बाजपेई , अभिषेक बाजपेई, मिष्ठी बाजपेई, रामकुमार तिवारी, सुधांशु मिश्रा आदि प्रमुख रहे।

# कार में बैठे प्रवक्ता को पहुंचाया ट्रैफिक पुलिस यार्ड : नाश्ता करने गए थे पीजी कॉलेज के प्रवक्ता

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर में 'बुलडोजर' की एक नई कार्रवाई सामने आई है। नगर निगम के बुलडोजर ने कार में बैठे प्रवक्ता को खींचकर ट्रैफिक पुलिस के यार्ड में पहुंचा दिया। प्रवक्ता ने इसकी शिकायत डीएम गोरखपुर को पत्र लिखकर किया है। दरअसल प्रवक्ता की गलती यह थी कि उन्होंने गोलघर की सड़क पर कार खड़ी की थी और नाश्ता कर रहे थे। इतने में सड़क पर नो पार्किंग जोन में खड़ी गाड़ियों को खींचकर यार्ड पहुंचाने वाली बुलडोजर गाड़ी आ गई। प्रवक्ता बुलडोजर को देखकर कार में आकर बैठ गए और कार हटाने लगे। लेकिन बुलडोजर ने कार में बैठे प्रवक्ता को उतरने तक का मौका नहीं दिया और कार को यार्ड में पहुंचा दिया। जिसके बाद प्रवक्ता ने कार के अंदर से ही वीडियो बना लिया और वीडियो व पत्र भेजकर डीएम विजय किरण आनंद से शिकायत की है। बांसगांव के पीजी कॉलेज के प्रवक्ता हैं पीड़ित दरअसल बांसगांव के कनईचा निवासी सुधांशु शेखर राय पुत्र उदयभान राय बांसगांव स्थित जवाहरलाल नेहरू पीजी कॉलेज में प्रवक्ता के पद पर कार्यरत हैं। वे गुरूवार को दिन में गोरखपुर विश्वविद्यालय किसी काम से गए थे। उन्हें भूख लगी थी तो वे गोलघर स्थित एक दुकान पर कुछ खाने लगे। तभी नगर निगम की वाहन उठाने वाली गाड़ी आई। आरोप है कि जैसे ही वे गाड़ी में जाकर बैठे तभी उनकी गाड़ी को उठा लिया गया।

## शिक्षकों का ऑनलाइन अभिमुखीकरण कार्यक्रम सम्पन्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) राज्य परियोजना कार्यालय के निर्देशन में स्कूल रेडीनेस संबंधी 12 सप्ताह के गतिविधि कलेण्डर के प्रयोग हेतु सहायक निदेशक( बेसिक) अयोध्या मंडल राम सागर पति त्रिपाठी के मार्गदर्शन में अयोध्या मंडल के समस्त शिक्षकों के अभिमुखीकरण हेतु एक ऑनलाइन यू–ट्यूब सेशन का आयोजन किया गया।वही इस ऑनलाइन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राम सागरपति त्रिपाठी, सहायक शिक्षा निदेशक(बेसिक) अयोध्या मंडल, अयोध्या, श्रीमती शिखा शुक्ला, प्रभारी क्वालिटी सेल, राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ एवं संतोष कुमार देव पांडेय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अयोध्या , बी एस ए बाराबंकी, बी एस ए सुल्तानपुर, बी एस ए अमेठी, बी एस ए अम्बेडकर नगर शामिल रहे।इस ऑनलाइन कार्यक्रम का संचालन एसआरजी डॉ अम्बिकेश त्रिपाठी ने किया। प्रथम सत्र में डॉ अम्बिकेश त्रिपाठी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में निपुण भारत मिशन और स्कूल रेडिनेस कार्यक्रम की महत्ता को बताया और अंत तक के समस्त सत्रों का गंभीरतापूर्वक संचालन किया। जिला समन्वयक प्रशिक्षण श्री सुनील कुमार श्रीवास्तव ने स्कूल रेडिनेस कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) रामसागरपति त्रिपाठी ने स्कूल रेडिनेस को इसके जमीनी स्तर पर सफल बनाने हेतु सभी से पूरे मनोयोग से लगकर कार्य करने का आवाहन किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार देव पांडेय ने बताया कि विभाग की समस्त योजनाएं एक दूसरे से जुड़ी हुई है अतः सभी योजनाओं पर सभी का समान ध्यान अपेक्षित है। क्वालिटी सेल की प्रमुख श्रीमती शिखा शुक्ला ने कहा कि स्कूल रेडिनेस कार्यक्रम को अनुसमर्थन प्रदान करने के उद्देश्य से प्रत्येक सप्ताह के प्रारंभ के एक दिन पूर्व उस सप्ताह की गतिविधियां संक्षिप्त रूप में ऑडियो एवं विजुअल के रूप में राज्य के व्हाट्सएप्प ग्रुप में साझा की जाएंगी जिसे एस आर जी और डी सी, बिना बीईओ पर निर्भर हुए, सीधे




प्रधानाध्यापकों के ग्रुप में साझा करेंगे साथ ही प्रत्येक सप्ताह के अंतिम दिवस अर्थात् शनिवार को प्रत्येक जनपद द्वारा एक गूगल फार्म पर प्रगति की सूचना भी राज्य मुख्यालय को प्रेषित की जाएगी। द्वितीय सत्र में एसआरजी डॉ अम्बिकेश त्रिपाठी द्वारा बाल वाटिका कार्यक्रम में सभी के दायित्वों और "चहक" कार्यकम की रूपरेखा पर चर्चा की। एआरपी डॉ रजनीरंजन जायसवाल और श्रीमती पारिजा श्रीवास्तव द्वारा प्रथम तीन सप्ताह की दैनिक गतिविधियों पर उदाहरण सहित विस्तार से प्रकाश डाला गया। तृतीय सत्र में एआरपी डॉ अनामिका मिश्रा ने निष्प्रयोज्य वस्तुओं से बनाये गए टीएलएम और उसके प्रयोग तथा महत्व को बताया। प्रधानाध्यपिका डॉ गीतांजलि मिश्रा ने अपने प्राथमिक विद्यालय दरगाह बगिया, विकासखंड पूरा में विकसित बाल वाटिका को वीडियो से प्रदर्शित करते हुए उसकी दैनिक कार्यवाही का प्रदर्शन किया साथ ही बच्चों पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों की चर्चा की। चतुर्थ सत्र में डॉ रजनीरंजन जायसवाल ने बाल वाटिका में 12 सप्ताह के कार्यक्रम के समय बच्चों की प्रोफाइल बनाने और बच्चों को बिना बताए प्रथम दो सप्ताह में पहला आकलन करने तथा 12 सप्ताह पूर्ण होने पर दूसरा आकलन करने की योजना पर विस्तार से चर्चा की साथ ही बच्चों के आकलन की प्रगति को अभिभावकों से भी शेयर करने के महत्व पर भी चर्चा की।अंत मे जिला समन्वयक प्रशिक्षण सुनील श्रीवास्तव ने प्रतिभागियों के प्रश्नों और जिज्ञासाओं का निवारण किया और सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सत्र का समापन किया। इस ऑनलाइन यू–ट्यूब सेशन में लगभग चौदह हजार शिक्षक/शिक्षिकाओं और आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों ने भाग लिया।

# बलिया के तीन पत्रकारों को मिली जमानत : बैकफुट पर आई पुलिस ने हटाईं संगीन धाराएं

बलिया ब्यूरो : यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट अंग्रेजी पेपर लीक मामले में गिरफ्तार बलिया के तीन पत्रकारों को सोमवार को जमानत मिल गई। जिला जज की अदालत ने तीनों पत्रकारों को जमानत दी। यही नहीं, तीनों पत्रकारों पर लादी गईं संगीन धाराएं भी हट गईं हैं। इस मामले में बैकफुट पर आई पुलिस ने पेपर लीक के तीनों मुकदमे में से आईपीसी की धाराएं हटा दी हैं। पेपर लीक मामले में गिरफ्तार वरिष्ठ पत्रकार अजीत ओझा, दिग्विजय सिंह और मनोज गुप्ता की रिहाई की मांग को लेकर बीते कई दिनों से आंदोलन चल रहा था। प्रकरण में दिग्विजय सिंह और मनोज गुप्ता की जमानत पहले ही स्वीकृत हो गई थी, जबकि सोमवार को अजीत ओझा की जमानत स्वीकार हुई। जमानत के बाद की कानूनी औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। रक्रिया पूरी होने के बाद



तीनों पत्रकार जेल से बाहर होंगे। अब सिर्फ इन पर परीक्षा अधिनियम और 66 आईटी एक्ट शेष है, जिनकी तफ्तीश चल रही है। पेपर लीक कांड में 50 से ज्यादा लोगों की गिरफ्तारी हुई है। जिसमें मास्टरमाइंड निर्भय नारायण सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक बृजेश कुमार मिश्रा इत्यादि हैं। इस मामले में शासन स्तर से भी जांच की जा रही है।

# भीषण गर्मी के बीच राम मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को राहत : मार्ग पर लगाए गए अस्थाई छाजन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)इस समय अयोध्या में राम का भव्य मंदिर का निर्माण कार्य चल रहा है।दिसंबर 2023 तक भगवान रामलला अपने गर्भ गृह में विराजमान होंगे।ऐसे में रामलला का दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ रही है। इस कड़ाके की गर्मी और धूप को देखते हुए राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने एक बड़ा फैसला किया है। दर्शनार्थियों को दर्शन करने में इस प्रचंड गर्मी में कोई दिक्कत ना हो, इसको लेकर दर्शन मार्ग पर एक अस्थाई छाजन लगाया गया है, ताकि श्रद्धालु कड़ाके की धूप से बच सकें।वही रामलला का दर्शन सुबह और शाम दो पालीयों में किया जाता है।पहली पाली में आम दिनों में सुबह सात बजे रामलला का पट श्रद्धालुओं के लिए खुलता है, जो दोपहर 11 बजे बंद होता है।इसके बाद दोपहर की आरती होती है और भगवान का भोग लगाकर भगवान के कपाट दो बजे तक के लिए बंद किए जाते हैं।दो बजे भगवान को जगाया जाता है. इसके लिए भगवान के पट खोल दिए जाते हैं।दूसरी मीटिंग में दो बजे से शाम छह बजे तक दर्शन होता है।ऐसे में धूप की वजह से श्रद्धालुओं को दूसरे मीटिंग में दर्शन में बहुत समस्या का सामना करना पड़ता था।वही सुरक्षा के मानकों को ध्यान में रखते हुए राम जन्मभूमि परिसर के बाहर और राम गुलेला दर्शन मार्ग पर पुरुष और महिलाओं की तलाशी की जाती है।जिसके बाद उन्हें राम जन्म भूमि जाने की इजाजत दी जाती है।इस प्रक्रिया में चेकिंग के दौरान प्रत्येक आदमी को लगभग पांच मिनट तक जामा तलाशी ली जाती है।ऐसे में श्रद्धालु गर्मी की वजह से हलकान रहते हैं।अब राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए राम जन्म भूमि परिसर के बाहर अमावा मंदिर से रामगुलेला मार्ग तक अस्थाई तौर पर छाजन किया है. जल्द ही यह व्यवस्था राम जन्म भूमि के अंदर दर्शन मार्ग पर लगे टीन शेड के तर्ज पर बाहर भी की जाएगी।लेकिन फिलहाल धूप से श्रद्धालु को बचाने के लिए अस्थाई तौर पर विकल्प के लिए टेंट लगाया गया है।जहां श्रद्धालु को गर्मी से थोड़ी राहत जरूर मिलेगी। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य अनिल मिश्रा ने बताया कि भीषण गर्मी और धूप में आने वाला राम भक्त दर्शन के लिए लाइन में खड़ा होता है। लाइन में लगे श्रद्धालु की समस्याओं को दूर करने के लिए ट्रस्ट की मंशा थी कि अस्थाई रूप से राम भक्तों के ऊपर एक छाया की व्यवस्था की जाए. जिससे की लोग धूप और गर्मी से बच सकें।इस को ध्यान में रखते हुए राम जन्मभूमि परिसर के अंदर संपूर्ण दर्शन मार्ग की छाया कर दी गई है।श्रद्धालुओं पर जरा सी धूप और बरसात का प्रभाव ना हो, ऐसी व्यवस्था परिसर के अंदर के दर्शन मार्ग पर की गई है. दर्शनार्थी को दर्शन के दरमियान किसी तरीके की समस्या नहीं होती है।परिसर के बाहर लोगों को लाइन में लगना पड़ता है. दर्शन मार्ग पर बाहर वैसी ही छाया की जा रही है, जिससे कि श्रद्धालुओं को धूप और पानी से बचाया जा सके।

# डाक्टर अमित श्रीवास्तव उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति के जिला मंत्री निर्वाचित

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या जिले में शहर के प्रसिद्ध दंत चिकित्सक एवं समाजसेवी डॉ अमित श्रीवास्तव को लगातार उनके समाज सेवा एवं जनता के प्रति उनके कार्यों को देखते हुए उन्हें उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति का जिला मंत्री नियुक्त किया गया है।मालूम हो कि उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति सन 1938 से उत्तर प्रदेश में अपनी सेवा दे रही है एवं सरकार एवं शासन के साथ मिलकर अपराध मुक्त सामाज बनाने की ओर कार्य कर रही है। देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र व नव भारत चेतना न्यूज चैनल से खास मुलाकात में इस समिति के नव नियुक्त चिकित्सक डाक्टर अमित श्रीवास्तव ने कहा कि वे हमेशा संगठन के



अनुसार कार्य करके इसे आगे बढ़ाने में अपना वाले सहयोग प्रदान करेंगे।वही उनके इस नई जिम्मेदारी से लोगों ने खुशी जताई है।

# मुख्य अतिथि ने फीता काटकर जनसेवा केन्द्र एंड संतोष साइबर कैफे खपराडीह का किया शुभारंभ

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)अब जिले के बीकापुर तहसील क्षेत्र में स्थित विकास खंड तारुन के जाना बाजार,खपराडीह व आसपास के लोगों को दूर दराज के जनसेवा केन्द्र पर जाने की जरुरत नहीं पड़ेगी।इसके लिये खपराडीह के समीप जनसेवा केन्द्र खुल गया है।जहाँ पर आसपास के किसानो,छात्रो,बेरोजगारो को यही से सटीक जानकारी मिल जायेगी।यह बाते सोमवार को जन सेवा केंद्र एंड संतोष साइबर कैफे खपराडीह अयोध्या का उद्घाटन करने आये मुख्य अतिथि के रुप में कुंवर अभिमन्यु प्रताप सिंह खपराडीह ने कही।इस मौके पर उन्होने कहा कि वर्तमान समय में क्षेत्र में जनसेवा केन्द्र का होना अति आवश्यक हो गया है।क्योंकि इसी जगह से लोगों को अपने समस्याओं का हल निकलता है।इसी कड़ी में इस जनसेवा केन्द्र के संचालक शुभम कनौजिया ने देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र व नव भारत चेतना न्यूज चैनल के ब्यूरो चीफ अयोध्या राजेश श्रीवास्तव से दूरभाष पर बताया कि इस जनसेवा केन्द्र से सबसे ज्यादा फायदा आसपास के किसान भाईयो को होगा।क्योंकि इस




जनसेवा केन्द्र से उनको समय समय पर किसान सम्मान योजना के साथ साथ केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ व जानकारी भी आसानी से मिलती रहेगी।इसी के साथ साथ और वर्ग के लोगों जैसे बेरोजगारो व अन्य क्षेत्रों से जुड़े लोगों की समस्याओ का निराकरण शीघ्र ही हो सकेगा।वही उन लोगों का समय व धन दोनों का बचत होगा।इस मौके पर संतोष कुमार,सत्यम, प्रतिज्ञा, शिवानी, गंगाराम, आशु, अशोक वर्मा खपराडीह, घनश्याम कनोजिया प्रधान, विनय पांडेय आदि मौजूद रहे।

# महंत नृत्यगोपालदास आईसीयू में डॉक्टर बोले– हालत स्थिर और संतोषजनक है

लखनऊ ब्यूरो : श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष व मणिरामदास की छावनी के महंत नृत्यगोपालदास को पेशाब में इंफेक्शन होने के कारण उन्हें रविवार को लखनऊ के मेदांता अस्पताल में भर्ती किया गया था। अब उनकी हालत स्थिर और संतोषजनक है। सोमवार दोपहर मेदांता के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. राकेश कपूर ने बताया कि महंत नृत्यगोपालदास की पेशाब में इंफेक्शन होने और सामान्य कमजोरी की वजह से उन्हें क्रिटिकल केयर विशेषज्ञों की टीम और यूरोलॉजी टीम की निगरानी में रखा गया है। उनकी तबीयत अभी संतोषजनक है। पिछले करीब ढाई सालों से महंत नृत्यगोपाल दास के स्वास्थ्य में उतार–चढ़ाव का क्रम जारी है। 2020 के अगस्त माह में कोरोना काल में वो श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मथुरा में कोरोना पॉजिटिव हो गए थे। जिसके बाद उनकी हालत गंभीर हो गई थी। हालांकि धीरे–धीरे उनके स्वास्थ्य में सुधार होता रहा। इस बीच अयोध्या स्थित उनके आश्रम में ही उनके लिए आईसीयू रूम बनाया



गया। यहां डॉक्टरों की टीम भी तैनात की गई है। जो समय–समय पर ट्रस्ट अध्यक्ष के स्वास्थ्य की जांच व निगरानी करती है। उन्हें रूटीन चेकअप के लिए रविवार को मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ ले जाया गया। जहां उन्हें भर्ती कर लिया गया। मेदांता में वरिष्ठ चिकित्सकों की टीम उनका इलाज कर रही है। वहीं मणिरामदास की छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास ने बताया कि महाराज की हालत ठीक है। रूटीन जांच के लिए लखनऊ में भर्ती कराया गया है।

## जौनपुर शाहगंज थाना अंतर्गत पुलिस ने अज्ञात हुई हत्या का 23 घंटे के अन्दर किया सफल अनावरण : हत्यारोपित गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : दिनांक 23/04/2022 को थाना शाहगंज पर एक अज्ञात शव के सम्बन्ध में सूचना प्राप्त हुई मौके पर क्षेत्राधिकारी शाहगंज, प्रभारी निरीक्षक ,फील्ड यूनिट डाग स्कवाड के द्वारा तत्काल पहुच कर शव को कब्जे मे लेकर पहचान करने की काफी कोशिक की गयी, जिसकी पहचान राज राव पुत्र गौतम निवासी अम्बेडकरनगर भादी थाना शाहगंज जनपद जौनपुर के रूप में हुई। शव का पोस्टमार्टम कराने के उपरान्त परिजन की तहरीर पर दिनांक–24.04.2022 को पंजीकृत मु0अ0सं0–100/2022 धारा–302/201 भादवि बनाम अज्ञात का सफल अनावरण कर प्रकाश में आये अभियुक्तगण 1. अभिषेक शर्मा पुत्र गुलाब शर्मा निवासी पक्का पोखरा थाना शाहगंज जनपद जौनपुर 2. एक अन्य बाल अपचारी, को गिरफ्तार किया गया तथा अभि0 की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, मृतक राज राव के मोबाईल का ब्लूटूथ तथा घटना में प्रयुक्त आला कतल खून से सना ईंट मौके से बरामद किया गया। 'पूछताछ विवरण–' अभियुक्त अभिषेक को हिरासत में लेकर कडाई से पूछताछ करने पर बताया गया कि एक लडकी से मेरा सम्पर्क दो वर्ष से है। इसकी जानकारी राज राव को भी हो गयी वह भी उसी से संपर्क स्थापित कर फोन पर बात करने लगा तथा उसको परेशान करते हुए प्रताडित करने लगा, राज राव की प्रताड़ना के कारण लड़की ने एक बार जहर भी खा लिया था। इन्ही सब बात को लेकर मेरी राज राव से अनबन हो गयी थी। दिनांक 22/04/2022 को ग्राम सुरिस में मेरे मित्र के मामा की शादी थी जिसमें शामिल होने के लिए राज राव अपने भाई के साथ आया, मेरी मुलाकात भी हुई थी, उपरोक्त प्रकरण के संबंध में दिनांक 19/04/2022 की रात में सुमित के घर के पास हीं मेरी व राज राव के बीच कहा–सुनी भी हुई थी दिनांक 22/04/2022 की रात्रि में मैं अपने दोस्त मिसन यादव के साथ शादी के बारात में शामिल हुआ, जहाँ पर राज राव, आदित्य राव, विशाल राजभर, शिवम और सारे दोस्त आये थे, जयमाल के बाद मैं सुमित से उसकी मो0सा0 की चाभी लिया तथा अपने मित्र के साथ बाहर निकला वहीं पर राज राव चारपायी पर बैठा मिला, राज राव से मैने कहा कि चलो



सिगरेट पीकर आते हैं, इस पर राज राव ने कहा मैने शराब ज्यादा पी लिया है मुझे सुमित के घर छोड दो मैं सोऊंगा इस पर मैं राज राव व अपने दोस्त के साथ मो0सा0 से पक्का पोखरा होते हुए रेलवे पटरी के किनारे खाली स्थान पर ले गया तथा मो0सा0 से उतार कर उपरोक्त प्रकरण के संबंध में बात करने लगा राज राव नशे में था, जिससे कहा सुनी हो गयी, मैं उसे हाथ से मारने लगा तथा उसे गिरा कर उसके हाथ को अपने पैरों से दबा कर वहीं पडे ईंट से उसके सिर पर कई बार वार कर मार दिया, तथा उसके मर जाने के उपरान्त अपने मित्र के सहयोग से राज राव के शव को रेलवे पटरी के किनारे नाले में शव डाल दिये तथा खून लगे स्थान पर मिट्टी डाल कर मैं अपने मित्र के साथ घर गया और अपना खून लगा कपडा बदलकर धो दिया व दूसरा अपना कपडा पहनकर पुनः जाकर शादी में शामिल हो गया, ताकि किसी को शक न हो। 'गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीमः–' 1.श्री सुधीर कुमार आर्य, प्रभारी निरीक्षक शाहगंज जौनपुर। 2.व0उ0नि0 श्री जयप्रकाश यादव, थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। 3.उ0नि0 श्री विजय सिंह गौड, उ0नि0 श्री अजीत कुमार सिंह थाना शहगंज जनपद जौनपुर। 4.हे0कां0 असगर खान, हे0कां0 राजकुमार यादव, हे0कां0 सलीम खान, कां0 बिकेश चौहान,कां0 अर्जुन यादव, कां0 विनोद यादव, कां0 रामप्रवेश यादव, कां0 ऋषिकेश सिंह, कां0 कविन्द्र यादव, कां0 मण्टू प्रसाद, कां0 अंकुश कुमार सिंह, कां0 राजन कुमार, कां0 अखिलेश कनौजिया, कां0 आनन्द यादव, कां0 कुन्दन कुमार, .म0आ0 अंजू यादव थाना शाहगंज जनपद जौनपुर।

## पं0 दीनदयाल उपाध्याय स्वरोजगार योजना के तहत आवेदन पत्र आमंत्रित

जौनपुर सू.वि. : जिला समाज कल्याण अधिकारी(विकास)धजिला प्रबन्धक सुनील कुमार सिंह ने अवगत कराया है कि उ0प्र0 अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास नि0लि0 जनपद जौनपुर द्वारा संचालित योजनाओं में वित्तीय वर्ष 2022–23 में पं0 दीनदयाल उपाध्याय स्वरोजगार योजना, नगरी क्षेत्र दुकान निर्माण योजना, धोबी समाज के व्यक्तियें हेतु लाण्ड्री एवं ड्राईक्लीनिंग योजना एवं टेलरिंग शाप योजना में पात्र लाभार्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। आवेदन पत्र जिला प्रबन्धक, उ0प्र0 अनुसूचित जाति वित्त एंव विकास नि0लि0 विकास भवन प्रथम तल जौनपुर एवं सम्बन्धित विकासखण्ड में सहायक/ग्राम विकास अधिकारी (समाज कल्याण) के पास जमा किया जा सकता है, आवेदन पत्रों के जमा करने की अन्तिम तिथि 25 मई 2022 निधारित की जाती है। पात्रता के नियम व शर्ते हेतु आवेदक अनुसूचित जाति का हो (तहसील द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र संलग्न करें), आवेदक की वार्षिक आय नगरीय क्षेत्र में रू0 56460 तथा ग्रमीण क्षेत्र में रू0 46080 से अधिक नही होना चाहिये (तहसील द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र संलग्न करें) दुकान निर्माण योजना में नगरी/ग्रामीण क्षेत्र में उसके पास व्यवसायिक स्थल पर स्वंय की भूमि हो, (जमीन के कागज एवं नजरी नक्शा संलग्न करें)। लाण्ड्री एवं ड्राईक्लीनिंग योजना में अनुसूचित जाति की उपजाति धोबी को वरीयता दी जायेगी। लाण्ड्री स्थापित करने का स्थान एवं पता भी अंकित करें। टेलरिंग शाप योजना में प्रशिक्षित युवक/युवतियों, पारिवारिक लाभ योजना के अन्तर्गत लाभ प्राप्त करने वाली महिलाओं, स्वयं सहायता समूह की पात्र महिलाओं एवं कौशल विकास मिशन द्वारा सिलाई–कढाई टेड मे प्रशि क्षित व्यक्तियों/महिलाओं को प्राथमिकता प्रदान की जायेगी। आवेदन पत्र के साथ फोटो, आय व जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं बचत खाता की फोटो प्रति अनिवार्य रूप से संलग्न करें।

## लू की तीव्रता के कारण जिला मजिस्ट्रेट के अधीन सभी माल व फौजदारी के न्यायालयो का समय परिवर्तन

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट, मनीष कुमार वर्मा ने अवगत कराया है कि शासनादेश में दिये गये प्राविधानो के अन्तर्गत गर्मी व लू की तीव्रता के कारण जनपद जौनपुर में 01 मई 2022 से 30 जून 2022 तक जिला मजिस्ट्रेट के अधीन सभी माल व फौजदारी के न्यायालयो का समय विगत वर्ष की भाँति प्रातः 8.30 बजे से 2.30 बजे तक तथा न्यायालयो से सम्बन्धित कार्यालय राजस्व/फौजदारी अभिलेखागारो का समय प्रातः 8.00 बजे से अपराह 3.00 बजे तक निर्धारित किया जाता है। उपरोक्त समय मे प्रतिदिन 10.00 बजे से 11.00 बजे पूर्वाहन तक एक घण्टे का जनसुनवाई ब्रेक होगा एव जनपद के अन्य सभी कार्यालयो का समय यथावत पूर्वाहन 10.00 बजे से अपराह 5.00 बजे तक ही रहेगा। उन्होंने जनपद के राजस्व एवं फौजदारी न्यायालयो एवं कार्यालयो के समय मे एकरूपता बनाये रखने हेतु 01 मई 2022 से 30 जून 2022 तक अधीनस्थ सभी राजस्व एवं फौजदारी न्यायालयो का समय प्रातः 8.30 बजे से 2.30 बजे तक तथा न्यायालयो से सम्बन्धित कार्यालय, यथा राजस्व/फौजदारी अभिलेखागारो का समय प्रातः 8. 00 बजे से अपरान्ह 3.00 बजे तक निर्धारित किया जाता है। उपरोक्त समय मे प्रतिदिन 10.00 बजे से 11.00 बजे पूर्वाहन तक एक घण्टे का जनसुनवाई, ब्रेक होगा एव जनपद के अन्य सभी कार्यालयो का समय यथावत पूर्वाहन 10. 00 बजे अपरान्ह 5.00 बजे तक ही रहेगा। अधिकारीगण द्वारा इस बात की विशेष सावधानी बरती जाय की समय परिवर्तन के कारण अन्य शासकीय कार्य निष्पादन में कोई कमी न आने पाये तथा यह ध्यान रखा जाये कि वर्तमान समय मे कोरोना के बढ़ते प्रभाव एवं उसके रोकथाम के दृष्टिगत पूर्व व्यवस्था के साथ न्यायालयीय/ कार्यालयीय कार्य सम्पादित किया जाय।

## स्पोर्ट्स कॉलेजो में प्रवेश हेतु जारी हुआ दिशानिर्देश

जौनपुर शाहगंज पत्रकार धनंजय विश्वकर्मा : उत्तर प्रदेश स्पोर्ट्स कॉलेज सोसाइटी लखनऊ के अधीन गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ, वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर एवम मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई जनपद इटावा में संचालित है। उप क्रीड़ा अधिकारी जौनपुर सुनील कुमार ने बताया की इन कॉलेजों में 11 खेलो यथा –क्रिकेट हॉकी, फुटबॉल, वालीबॉल, एथलेटिक्स, जिमनास्टिक, कुश्ती, तैराकी, कबड्डी, जूडो एवं बैडमिंटन खेलों के अंतर्गत प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। उक्त तीनों कालेजों में सत्र 2022–23 हेतु कक्षा 6 में प्रवेश प्रदान किए जाने के लिए वाराणसी मंडल के खिलाड़ियों के चयन हेतु दिनांक 09–10 मई, 2022 को खेलवार संयुक्त प्रारंभिक चयन परीक्षा का आयोजन डॉव संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम सिगरा वाराणसी में आयोजित किया जा रहा है। प्रवेश फार्म जिला खेल कार्यालय, इंदिरा गांधी स्टेडियम सिद्दीकपुर में कार्यालय



अवधि में उपस्थित होकर रुपए 200/– का शुल्क जमा कर प्राप्त कर सकते हैं। खिलाड़ियों की उम्र दिनांक 01.04. 2022 को 9 से 12 वर्ष के मध्य होनी चाहिए तथा खिलाड़ियों को जैविक आयु प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड प्रारंभिक चयन परीक्षा के समय चयन समिति के समक्ष प्रस्तुत करना होगा।

## छह एफआरयू पर मनाया गया सुरक्षित मातृत्व क्लीनिक दिवस : जिले में 400 के करीब गर्भवती की हुई प्रसव पूर्व जांच

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : जिला महिला अस्पताल में जांच के लिए पहुंची कोतवाली क्षेत्र के गूलरचक सुंदरनगर उमरपुर निवासी पूनम सोनकर (28) ने बताया कि नौ महीने हो चुके हैं। स्वास्थ्यकर्मियों ने उन्हें जरूरी इंजेक्शन व परामर्श दिया। वह स्वास्थ्यकर्मियों के व्यवहार से काफी खुश दिखीं। यह मौका था जनपद में सोमवार को छह स्वास्थ्य इकाइयों (एफआरयू) पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व क्लीनिक दिवस के आयोजन काद्य इसके तहत लगभग 400 गर्भवती की निःशुल्क प्रसव पूर्व जाँच (एएनसी) की गई। इसके साथ ही गर्भावस्था के दौरान बरती जाने वाली जरूरी सावधानियों के बारे में बताया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) डॉ लक्ष्मी सिंह ने बताया कि महीने में अब दो बार "प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) दिवस" का आयोजन होगा। यह आयोजन हर माह की नौ तारीख को पहले से हो रहा है। अब से 24 तारीख को भी होगा। इस बार 24 अप्रैल को रविवार का अवकाश होने के कारण 25 अप्रैल को 'प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व क्लीनिक' के रूप में मनाया गया। सीएमओ ने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए सभी छह प्रथम संदर्भन इकाइयों (एफआरयू) यथा सीएचसी मड़ियाहूं, बदलापुर, मछलीशहर, केराकत, शाहगंज तथा जिला महिला चिकित्सालय पर पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। आशा कार्यकर्ताओं ने गर्भवती को स्वास्थ्य केंद्रों तक लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (आरसीएच) डॉ सत्य नारायण हरिश्चंद्र ने बताया कि केंद्र पर नियमित जांच व उच्च जोखिम युक्त गर्भवस्था से चिह्नित लाभार्थी को प्रसव पूर्व जाँच (एएनसी) कर मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लायी जा सकती है। गर्भवती की नियमित निःशुल्क जांच एवं प्रसव पश्चात उचित देखभाल की सुविधा देने के लिए आयोजन का विस्तार किया जा रहा है। जिला कार्यक्रम प्रबंधक (डीपीएम) सत्यव्रत त्रिपाठी ने बताया कि इस दौरान करीब 400 गर्भवती की जांच हुई, जिसमें लगभग 40 एचआरपी की श्रेणी में चिह्नित की गईं। इस अभियान का उद्देश्य गर्भवती की प्रसव पूर्व विधिवत जांच मेडिकल आफिसर की निगरानी में हो सके। जांच के दौरान विशेषकर लक्षित महिलाओं (द्वितीय और तृतीय






त्रैमास वाली गर्भवती) को प्राथमिकता दी जाती है। द्वितीय और तृतीय त्रैमास में गर्भवती को प्रसव पूर्व तथा स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं का ज्यादा सामना करना पड़ता है। इसके चलते ही इनकी जांच मेडिकल आफिसर (एमबीबीएस या प्रसूति रोग विशेषज्ञ) द्वारा की जाती है। इस दौरान गर्भवती के ब्लड ग्रुप, हीमोग्लोबिन, यूरिन, शुगर, सिफलिस, एचआईवी आदि की जांच की जाती है। जांच के दौरान ही उच्च जोखिम गर्भावस्था वाली महिलाएं चिह्नित की जाती हैं और उनके सुरक्षित प्रसव की व्यवस्था कराई जाती है। इसके लिए उन्हें प्रसव के दौरान उच्च चिकित्सा इकाइयों में रेफर भी किया जाता है। उच्च जोखिम वाली महिलाओं को गंभीर रक्त अल्पता, उच्च रक्तचाप, कम वजन, डायबिटीज, एचआईवी पाजिटिव तथा 35 साल से अधिक की उम्र में गर्भधारण आदि श्रेणियों में पहचान की जाती है। यह सेवाएँ निःशुल्क दी गईं इस दिवस पर छह एफआरयू पर समस्त गर्भवती की प्रसव पूर्व जाँचे (एएनसी) जैसे हीमोग्लोबिन, शुगर, यूरिन जांच, ब्लड ग्रुप, एचआईवी, सिफलिस, वजन, ब्लड प्रेशर एवं अन्य जाँचों की निःशुल्क सुविधा दी गई। इसके साथ ही टिटनेस–डिफ्थीरिया (टीडी) का टीका, आयरन, कैल्शियम एवं आवश्यक दवाएं मुफ्त दी गईं। एचआरपी युक्त महिलाओं की पहचान, प्रबंधन एवं सुरक्षित संस्थागत प्रसव के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा पोषण, परिवार नियोजन तथा प्रसव स्थान के चयन के बारे में भी उचित सलाह दी गई।

## आईसीएसई एवं आईएससी की परीक्षाएं शुरू

जौनपुर शाहगंज पत्रकार धनंजय विश्वकर्मा : सेंट जॉन्स स्कूल,सिद्दीकपुर में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाएँ प्रारम्भ हुई।परीक्षा के लिए विद्यालय प्रशासन ने चाकचौबंद व्यवस्था की है।कोविड के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए विद्यार्थियों को मास्क पहनने की हिदायत दी गई है।विद्यालय में हैंडसेनेटाइजर एवं जल आदि की समुचित व्यवस्था की गई है। हाईस्कूल में 153 परीक्षार्थियों में 152 परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं।एक विद्यार्थी परीक्षा में उपस्थित नहीं हुआ।इंटरमीडिएट में कुल 98 विद्यार्थी हैं। जिनमें गणित वर्ग में 45 एवं जीव विज्ञान वर्ग में 53 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं।हाईस्कूल की परीक्षा 25 अप्रैल से 19 मई तक तथा इंटरमीडिएट की परीक्षा 26 अप्रैल से छह जून तक चलेगी।सोमवार को पहले दिन हाईस्कूल की अंग्रेजी प्रथम प्रश्न पत्र की परीक्षा सकुशल सम्पादित हुई।परीक्षा से पूर्व विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर पी विक्टर ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि परीक्षा



स्वयं के मूल्यांकन का माध्यम है।सालभर जो पढ़ा–लिखा उसका मूल्यांकन होता है।सालभर की पढ़ाई का आँकलन परीक्षावधि में किए गए प्रदर्शन से होता है इसलिए विद्यार्थियों को धैर्यपूर्वक एवं आत्मविश्वास के साथ परीक्षा भवन में बैठना चाहिए।

## प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बॉक्सिंग बालक एवं बालिका प्रतियोगिता हेतु जनपदीय ट्रायल

जौनपुर सू.वि. : खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश, लखनऊ के तत्वावधान में खेल विभाग उत्तर प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश बॉक्सिंग एडहॉक कमेटी के समन्वय से प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बॉक्सिंग बालक प्रतियोगिता का आयोजन 05 से 08 मई 2022 तक झांसी में एवं प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बॉक्सिंग बालिका प्रतियोगिता का आयोजन 12 से 15 मई 2022 तक मुरादाबाद में किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु जनपद जौनपुर के बालक खिलाड़ियों का जनपदीय चयनध् ट्रायल 29 अप्रैल 2022 को तथा बालिका खिलाड़ियों का चयन ट्रायल 08 मई 2022 को प्रातः 7.00 बजे से इंदिरा गांधी स्टेडियम सिद्दीकपुर में किया जा रहा है। जनपद स्तर पर चयनित खिलाड़ी ही मंडलीय चयन/ट्रायल जो संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम सिगरा, वाराणसी में क्रमशः 30 अप्रैल 2022 एवं 09 मई 2022 को प्रातः 8.00 बजे आयोजित होगा में भाग लेंगे। इस चयन/ट्रायल में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को अपने स्कूल के प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्य द्वारा प्रमाणित पात्रता प्रमाण पत्र फोटो सहित, हाई स्कूल के अंक पत्र की छाया प्रति तथा साथ में आधार कार्ड की छाया प्रति लाना अनिवार्य होगा। जन्म तिथि 1 जनवरी 2008 से 31 दिसंबर 2009 के मध्य होनी चाहिए। यह जानकारी उप क्रीड़ा अधिकारी सुनील कुमार द्वारा दी गई है।

## ईंधन संरक्षण अभियान के तहत निकाली गई जागरूकता रैली

जौनपुर शाहगंज पत्रकार धनंजय विश्वकर्मा जौनपुर । सिद्दीकपुर से जन केंद्रित ईंधन संरक्षण अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। जो विभिन्न गांव बाजारो से होकर के ईंधन बचत के लिए लोगों को जागरूक किया ।साथ ही हरित और वैकल्पिक ऊर्जा को अपनाने हुए पर्यावरण संरक्षण का जोर दिया। इस दौरान नुक्कड़ सभाएं कर लोगों को ईंधन बचाने के लिए संकल्प भी दिलाया गया। सिद्धिकपुर गोमती गैस सर्विस परिसर से जन केंद्रित ईंधन संरक्षण अभियान के तहत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिस में सक्षम सत्र 2022 के तहत वाल्काथान का आयोजन किया। सक्षम का उद्देश्य था हरित और स्वच्छ ऊर्जा अपनाएं। आजादी का अमृत महोत्सव मनाए। जिसके अंतर्गत ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को पेट्रोलियम मंत्रालय एवं पीसीआरए के सानिध्य में संरक्षण क्षमता महोत्सव के रूप में लोगों को जागरूक किया गया । जनता को रैली के तहत हरित और वैकल्पिक ऊर्जा को अपनाते हुए पर्यावरण संरक्षण का जोर दिया ।जिससे पर्यावरण की सुरक्षा भी हो सकेगा । इंडियन आयल कारपोरेशन लिमिटेड के सहायक प्रबंधक नीरज कुमार व गोमती गैस सर्विस के प्रबंधक लालचंद यादव लाले ने जागरूकता रैली का उद्घघाटन किया। इस अवसर पर नीरज कुमार ने कहा कि सक्षम 2022 अभियान के तहत 30 अप्रैल तक पूरे प्रदेश में सभी तेल कंपनियों द्वारा यह अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। जिसमें ईंधन बचत के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जा रही। जिससे प्रदूषण से भी राहत मिले।






यह जागरूकता रैली विभिन्न इंटरएक्टिव कार्यक्रमों और गतिविधियों में जैसे एलपीजी पंचायत, स्कूल कॉलेज के विद्यार्थियों के बीच ग्रुप टाक का आयोजन कर ईंधन बचत के सरल उपायों के बारे में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। रैली का संचालन ब्रह्मादित्य ने किया । रैली सिद्धीकपुर से होकर कोटवार सुल्तानपुर गौर डाल्हनपुर सैदपुर गङौर जासोपुर कुत्तुपुर बजार मे जाकर समापन किया गया।

## धूमधाम से मनाया गया साईं बाबा का स्थापना दिवस

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी हुसैनाबाद तिलकधारी महाविद्यालय के बगल स्थित साईं बाबा मंदिर का वार्षिकोत्सव रविवार को धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ साईं बाबा मंदिर में विधिवत आरती के उपरांत शुरू हुआ। मंदिर के पुजारी पंकज पांडे द्वारा बाबा की आरती कराई गई। तदुपरांत पालकी अपने कदीम



रास्तों से चलते हुए गायत्री माता मंदिर तक हाथी घोड़ा पालकी के साथ पहुंची वहां मां गायत्री की आरती के पश्चात पुनः पालकी साईं बाबा मंदिर धाम में पहुंची जहां आरती के उपरांत पालकी का समापन किया गया। तदुपरांत भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान बाबा की पालकी की एक झलक पाने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु बाबा के दरबार में जमे रहे । बाबा के भक्त नाचते गाते बाबा की पालकी लेकर चलते हैं। इस अवसर पर मंदिर के प्रबंधक संजय सिंह मंदिर के संरक्षक व वरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यंत सिंह सहित मंदिर परिवार के तमाम सदस्य उपस्थित रहे। वही कार्यक्रम को सफल बनाने में पालकी की शोभा यात्रा निकालने में पालकी संयोजक जगदीश सेठ दीपक श्रीवास्तव, बृजेश कुमार श्रीवास्तव, डॉ अभिषेक मिश्रा सत्यप्रकाश यादव आशीष बरनवाल डॉ अशोक चक्रवर्ती अमित श्रीवास्तव देवांश श्रीवास्तव सूर्यांश श्रीवास्तव गुलाब चंद, सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। उक्त आशय की जानकारी मंदिर के मीडिया प्रभारी दीपक श्रीवास्तव द्वारा दिया गया।

## सांसद नवनीत राणा को राहत नहीं : बॉम्बे हाईकोर्ट ने फटकार लगाते हुए खारिज की याचिका

मुंबई ब्यूरो : महाराष्ट्र के सीएम उद्धव ठाकरे के घर के बाहर हनुमान चालीसा का एलान करने के मामले में गिरफ्तार सांसद नवनीत राणा को बॉम्बे हाईकोर्ट से भी राहत नहीं मिली है। हाईकोर्ट ने उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की याचिका खारिज कर दी है। नवनीत राणा को सार्वजनिक जगह पर हनुमान चालीसा को लेकर फटकार लगाई है। अदालत ने कहा कि सार्वजनिक जीवन वालों की जिम्मेदारी ज्यादा है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने यह भी कहा कि चूंकि मामले में याचिकाकर्ताओं के खिलाफ दूसरी एफआईआर दर्ज की गई है, राज्य सरकार दूसरी एफआईआर के अनुसार कार्रवाई शुरू करने की इच्छुक है। राज्य सरकार के अधिकारी इस तरह की कार्रवाई करने से पहले याचिकाकर्ताओं को 72 घंटे का नोटिस जारी करेंगे। एफआईआर रद्द करने के लिए हाईकोर्ट का रुख किया था अमरावती की सांसद नवनीत राणा और उनके पति विधायक रवि राणा ने बॉम्बे हाईकोर्ट का रुख करते हुए अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर रद्द करने के लिए एक याचिका दायर की थी। राणा दंपत्ति को हनुमान चालीसा का पाठ करने को लेकर उठे विवाद के बाद शनिवार को गिरफ्तार किया गया था। राणा दंपति पर आईपीसी की धारा 15। और 353 के साथ–साथ बॉम्बे पुलिस एक्ट की धारा 135 के तहत थ्प् दर्ज है। सबसे बड़ी धारा 124। यानी राजद्रोह की धारा भी लगाई गई है। नवनीत राणा और उनके पति को अलग–अलग जेल में रखा गया उद्धव ठाकरे निवास



मातोश्री के बाहर हनुमान चालीसा पढ़ने के लिए अड़ीं निर्दलीय सांसद नवनीत राणा और उनके विधायक पति रवि राणा की रात जेल में कटी। जेल जाने से पहले दोनों की कोरोना जांच की गई। बता दें कि मुंबई पुलिस ने निर्दलीय सांसद नवनीत राणा को यहां भायखला महिला जेल में स्थानांतरित कर दिया जबकि उनके विधायक पति रवि राणा को कड़ी सुरक्षा के बीच पड़ोसी नवी मुंबई की तलोजा जेल ले जाया गया। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। क्या है मामला बता दें कि मातोश्री के बाहर हुनमान चालीसा का पाठ करने पर अड़ीं अमरावती से सांसद नवनीत राणा और उनके पति रवि राणा को बीते शनिवार को मुंबई पुलिस ने खार इलाके से गिरफ्तार किया था। इसके बाद उन्हें रविवार को बांद्रा कोर्ट में पेश किया गया था। सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने राणा दंपती को 14 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में भेजने का फैसला सुनाया। अब दोनों की जमानत पर सुनवाई 29 अप्रैल को होगी।

## स्मार्ट फोन पाते ही छात्र–छात्राएं के चेहरे पर दिखी खुशी की लहर

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)मिल्कीपुर तहसील के कुमारगंज कस्बा स्थित चंद्रबली सिंह उर्मिला पीजी कॉलेज शिवनगर कुमारगंज में रविवार को योगी सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के अंतर्गत स्नातक एवं वी.एड के छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन का वितरण किया गया। फोन मिलते ही सभी बच्चे खिलखिला उठे।इस मौके पर महाविद्यालय के संस्थापक / प्रबंधक चंद्रबली सिंह एवं भाजपा के पदाधिकारियों ने छात्र छात्राओं को संबोधित किया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रोहित सिंह ने कहा मुख्यमंत्री द्वारा शुरू की गई स्मार्टफोन वितरण योजना आपको आधुनिक शिक्षा की तरफ एक कदम आगे बढ़ाता है । उन्होंने कहा कि कोरोना की वजह से ऑनलाइन क्लास शुरू हुई लेकिन बहुत से छात्र–छत्राओं के पास स्मार्टफोन नहीं थे इसलिए वह ऑनलाइन शिक्षा से वंचित रह जाते थे। कोरोना काल में जो समय बर्बाद है उसकी भरपाई नहीं की जा सकती। छात्रों की शिक्षा बाधित न हो इसलिए माननीय मुख्यमंत्री जी ने छात्रों को स्मार्टफोन देने की योजना शुरू की, मुख्यमंत्री जी द्वारा स्मार्टफोन के साथ नेट की व्यवस्था भी की जाएगी, जिससे सभी छात्र तकनीकी रूप से मजबूत हो। सरकार सभी सुविधाएं दे रही है सभी छात्र छात्राएं मेहनत करे अपने जीवन को सफल बनाएं तथा राष्ट्र निर्माण में भी सहयोग करें। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पवन कुमार सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की योगी सरकार ने डिजिटल इंडिया के सपने को साकार करते हुए छात्रों को स्मार्टफोन व टेबलेट देने का निर्णय लिया है निश्चित रूप से यह स्मार्टफोन छात्रों के सशक्तिकरण में अहम भूमिका निभाएगा।कार्यक्रम के बीच महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर ओपी सिंह, रामचरण स्मारक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अजय विक्रम सिंह, जेपी सिंह, दिनेश मिश्रा ,उमेश सिंह, पारसनाथ पांडे, वीरेंद्र सिंह, हनुमान दत्त मिश्र ,शैलेंद्र ओझा, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सरजू दूबे, जिला पंचायत सदस्य बबलू पासी, वरिष्ठ कार्यकर्ता कुंवरबहादुर मिश्रा अमानीगंज मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह बैजनाथ वैश्य सहित अन्य शिक्षक व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अब शहरों को मिलेगी 24 घंटे बिजली बशर्ते आबादी हो एक लाख से अधिक

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)बिजली विभाग सरकार की मंशा के अनुरूप इस समय कार्य कर रही है इसी क्रम में एक लाख से अधिक आबादी वाले सभी शहरों को 24 घंटे बिजली दी जाएगी। भरपूर बिजली देने के साथ ही ऐसे शहरों से 5 वर्ष में डीजल जनरेटर बाहर होंगे ताकि प्रदूषण को कुछ हद तक नियंत्रण किया जा सके उपभोक्ताओं को जनरेटर के बजाय रिमूवल बैटरी बैकअप की व्यवस्था करनी होगी अस्थाई उपयोग के लिए भी जनरेटर की जरूरत ना पड़े इसके लिए विद्युत लाइन उपलब्ध होने पर 48 घंटे में अस्थाई कनेक्शन देने की व्यवस्था रहेगी इस संबंध में केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने अधिसूचना भी जारी की है उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा इस संबंध में अब रघु लेशन बनाए जाएंगे विद्युत वितरण कंपनी को रेगुलेशन के अनुसार निबंध बिजली आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी प्रदूषण की गंभीरता होती समस्या को देखते हुए केंद्र सरकार द्वारा विद्युत उपभोक्ता अधिकार अधिनियम 2020 में संशोधन कर उपभोक्ता औषध विद्युत व्यवस्था आवर्ती सूचक बनाने की नई अधिसूचना जारी की गई है अधिसूचना के मुताबिक 100000 या उससे अधिक आबादी वाले शहरों महानगरों में 24 घंटे बिजली देने की बात कही गई है 3 मिनट से ज्यादा होने को व्यवधान माना जाएगा गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के जिला मुख्यालय से बड़े शहरों में ही 24 घंटे बिजली का शेड्यूल है तहसील स्तर के शहरों कस्बों में 21 घंटे भी नहीं बिजली आपूर्ति का शेड्यूल है 24 घंटे बिजली देने के साथ ही अगले 5 वर्ष में ऐसे शहरों से डीजल जनरेटर हटाने को कहा गया है ताकि उन से होने वाले प्रदूषण को कम किया जा सके बैटरी बैकअप की व्यवस्था उपभोक्ताओं को करनी होगी निर्माण में डीजल जनरेटर को रोकने के लिए जहां विद्युत वितरण लाइनें होंगी वहां अस्थाई कनेक्शन 48 घंटे में देने की व्यवस्था को करनी होगी ना होने पर 7 दिन में स्थाई कनेक्शन देना होगा वहीं केंद्र सरकार की अधिसूचना उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा का कहना है कि क्योंकि प्रदेश में एक लाख से ज्यादा आबादी वाले बड़ी संख्या में शहर हैं इसलिए 24 घंटे बिजली देने व नॉन बनाने में निश्चित तौर पर बिजली कंपनियों को बड़ा भार आएगा बैटरी बैकअप की व्यवस्था करने में उपभोक्ताओं के सामने भी दिक्कतें होंगी ऐसे में नियामक आयोग द्वारा रेगुलेशन बनाए जाने के दौरान परिषद व्यवहारिक पक्ष रखेगी रेगुलेशन उपभोक्ताओं को किसी तरह की व्यवहारिक दिक्कत ना होने देंगे।

## डिप्टी सीएम के औचक भ्रमण का दिख रहा अयोध्या जिला अस्पताल पर भी असर

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)इस समय जहां उप मुख्य मंत्री बृजेश पाठक के दौरे व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक का असर अयोध्या के अस्पतालों में भी दिखने लगा है जिला अस्पताल से लेकर सियासी पीएससी पर जिम्मेदार व्यवस्थाओं को चुस्त–दुरुस्त करने के लिए खुद जुटे हैं तो कर्मचारियों को निर्देश जारी कर रहे हैं जिला अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ चिरंजी राय चिकित्सकों के साथ वालों का भ्रमण कर सुविधाएं परखी और इमरजेंसी में दवाओं की कमी ना हो इसके लिए लोकल परचेज एलपी भी कर रहे हैं मुख्यमंत्री ने 2 दिन पूर्व सीएमओ सीएमएस अधीक्षकों के साथ वर्चुअल बैठक की थी बैठक में जनता को अच्छी व्यवस्था एवं है कराने का साफ शब्दों में निर्देश दिया था लापरवाही मिलने पर कार्रवाई की बात कही थी इसके बाद से जिम्मेदारों की नींद उड़ गई है और कर्मचारियों को 14 बिंदुओं का निर्देश जारी कर दिया है जिसमें चिकित्सा अधिकारी एवं स्वास्थ्य कर्मियों को समय पर अस्पताल पहुंचने का निर्धारित अवधि में कार्य का संपादन करने की बात कही अस्पतालों में मरीजों की सुविधा के लिए शीतल पेय पंजीकरण की व्यवस्था जिससे मरीजों को ज्यादा देर लाइन में ना खड़ा होना पड़े वेटिंग हाल में मरीजों के बैठने की समुचित व्यवस्था साफ–सफाई कूड़ा निस्तारण शौचालय स्नान ग्रह मैं हर समय पानी सप्लाई को कहा गया है वार्ड में लाइट पंखे की व्यवस्था दुरुस्त रखने इमरजेंसी ओपीडी के गेट पर पर्याप्त मात्रा में व्हीलचेयर स्टेचर ट्रॉली क्रियाशील व्यवस्था में रखने को कहा गया है ओपीडी में बाहरी व्यक्ति के बैठने चिकित्सकों को बाहर की दवाएं वह जांच ना लिखने किसी कार्य के लिए मरीजों से अवैध निक रूप से रुपए की मांग करने की जानकारी होने पर कार्रवाई के लिए सूचना उच्चाधिकारियों को दी जाएगी इसके अलावा इमरजेंसी में जीवन रक्षक दवाएं ऑक्सीजन गैस प्रचुर मात्रा में उपलब्ध होने तथा इमरजेंसी में मरीजों की चिकित्सा संभावना ना होने पर ही रेफर करने को कहा गया है।

## यात्रियों के पहुंच से दूर बना अयोध्या धाम का बस स्टेशन हुआ अनुपयोगी

अयोध्या।(डा. आलोक श्रीवास्तव अयोध्या संवाददाता)गोरखपुर राष्ट्रीय मार्ग 27 पर निर्मित अयोध्या धाम बस स्टेशन 1 वर्ष पूरा करने वाला है लेकिन आज भी इस बस स्टेशन के औचित्य पर सवाल उठना बंद नहीं हो रहा है पर्यटन की दृष्टि से अयोध्या को संवारने के क्रम में हाईवे के किनारे बनाई गई इस बस स्टेशन के निर्माण पर 15 करोड़ से अधिक की धनराशि खर्च हो चुकी है लगभग 5 एकड़ में बना यह बस स्टेशन आज भी लोगों की पहुंच से दूर है बस स्टेशन तक पहुंचने के लिए यात्रियों के पास अपने निजी वाहन के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं मौजूद है यात्रियों को राम नगरी से जोड़ने के लिए परिवहन निगम ने निर्माण के समय इस बस स्टेशन से प्रदेश भर में बसों के संचालन की योजना बनाई थी कहा जा रहा था कि देश–विदेश के पर्यटकों अब आसानी से राम नगरी पहुंच सकेंगे लेकिन यह नहीं सोचा कि यह पर्यटक और यात्री यहां से राम नगरी तक कैसे जाएंगे आवागमन का कोई माध्यम यहां नहीं मौजूद है अयोध्या धाम बस स्टेशन से बसों की निकासी और प्रवेश का मार्ग उतना ही संवेदनशील है कि जरा सी असावधानी कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है पूर्व में बसों का प्रवेश बंदे से रास्ते कराए जाने की योजना बनाई गई डीपीआर तैयार हुआ कहा गया कि हाईवे से बंधे के रास्ते मार्ग का निर्माण कराया जाएगा और इस रास्ते से अयोध्या धाम बस स्टेशन में प्रवेश करेंगे लेकिन शासन ने इसे मंजूरी नहीं दी यह भी तय हुआ कि बस स्टेशन का द्वार और मंदिर मॉडल से मिलता–जुलता बनाया जाएगा यह भी नहीं हो सका इसी तरह स्टेशन को भव्य बनाने की कई योजनाएं बनाई गई लेकिन किसी पर काम नहीं हुआ आज यह बस स्टेशन से एक लाइन से बसों के और निकासी का माध्यम बनकर रह गया है एंट्री के बाद से निकाली जाती है पर यहां उतरने वाले यात्रियों की संख्या ना के बराबर है इतना जरूर हुआ कि नगर निगम ने खर्च कम करने के लिए किराए के भवन में चल रहे क्षेत्रीय कार्यालय को यहां स्थानांतरित कर दिया लेकिन सुविधा देखरेख और व्यवस्था के नाम पर कुछ भी नहीं किया।

## चौरासी कोसी परिक्रमार्थियों का जत्था रविवार को पहुँचा मिल्कीपुर गांव

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)जिले में 84 कोसी परिक्रमा करने वाले परिक्रमार्थियों का जत्था रविवार को मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के कहुआ गांव पहुंचा। जहां परिक्रमाथियों का स्थानीय लोगों द्वारा जोरदार एवं भव्य स्वागत किया गया। बस्ती के मखौटा से शुरू हुई 84 कोसी परिक्रमा का आठवां पड़ाव रविवार को मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र स्थित श्री दुर्गा पाठक शिक्षा निकेतन कहुवा में हुआ। 8 वें पड़ाव पर जितेंद्र नाथ द्विवेदी एवं जे पी पाण्डेय के नेतृत्व में मां शारदा परिवार की ओर से 84 कोसी परिक्रमा में शामिल सभी भक्तों को भोजन प्रसाद ग्रहण कराया गया। परिक्रमार्थी जत्थे में मौजूद साधु संतों एवं अन्य श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए उन्हें हर संभव मदद भी ग्रामीणों द्वारा की गई। क्षेत्रवासी लोगों की सेवा से खुश साधु संतों ने उनके सेवाभाव की जमकर प्रशंसा भी की।

## आरोप के मुताबिक बिना पैमाइश ही पीड़ित के खेत में शुरू कर दी चकरोड की पटाई

अयोध्या।(डा. अजय तिवारी जिला संवाददाता)जिले के विकासखंड रुदौली के एक गांव में बिना पैमाइश के ही पीड़ित के खेत में चकरोड की पटाई का काम प्रधान व ठेकेदार ने शुरू कर दिया।पीड़ित ने जिसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से की है।आरोप के मुताबिक विकासखंड रुदौली के ग्राम नरौली की रिहाना बेवा अफजाल अहमद ने शिकायती पत्र के माध्यम से कहा है कि उसकी गाटा संख्या 464ध0.703 हे0 ग्राम नरौली में स्थित है जिससे सटी हुई चकरोड है।पीड़ित का आरोप है कि प्रधान व ठेकेदार ने चुनावी रंजिश को लेकर बिना पैमाइश के ही चकरोड पटाई का काम उसके खेत में शुरू कर दिया।इस संबंध में पीड़ित ने बताया कि उसके द्वारा धारा 24 के अंतर्गत पैमाइश के लिए आवेदन किया गया है लेकिन बिना पैमाइश के ही चकरोड के उस पार के काश्तकार को लाभ पहुंचाने के लिए उसके खेत में चकरोड पटाई शुरू करने से प्रार्थी को अपूरणीय क्षति होगी।पीड़ित ने धारा 24 की पैमाइश के बाद ही चकरोड की पटाई की मांग की है। एसडीएम रुदौली स्वप्निल यादव ने बताया मामला संज्ञान में आया है राजस्व निरीक्षक को पैमाईश के लिए निर्देशित किया गया।

## कोतवाली रूदौली व थाना पटरंगा में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

अयोध्या।(डा. अजय तिवारी जिला संवाददाता) आप सभी लोग मिल जुलकर गंगा जमुनी तहजीब को बरकरार रखें।सभी लोग त्यौहार को आपसी प्रेम व भाईचारे के साथ मिलजुलकर मनाएं।यह बातें कोतवाली रूदौली व थाना पटरंगा परिसर में आगामी त्यौहारों को लेकर शनिवार को पीस कमेटी की बैठक में आए हुए लोगो को सम्बोधित करते हुए कोतवाल शशिकांत यादव व थानाध्यक्ष पटरंगा विवेक कुमार सिंह ने संयुक्त रुप से कही।इस मौके पर इन दोनों प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि सभी त्योहार आपसी भाई चारे का संदेश देते हैं त्योहार किसी भी धर्म का हो हम सबको आपस में मिलजुलकर मनाना चाहिए।क्षेत्र की गंगा जमुनी तहजीब और आपसी भाईचारे की जो मिसाल रही है उसे कायम रखें।उन्होंने कहा कि मुझे पूरी उम्मीद है कि आप सभी लोग उसी प्रकार सभी पर्व को शांति व सौहार्दपूर्ण वातवरण में मनाएंगें जिस प्रकार हमेशा से मनाते चले आ रहे हैं।कहा कि क्षेत्र में किसी भी तरह से किसी विवाद की स्थिति न उत्पन्न होने दें।सभी लोग शांतिपूर्ण ढंग से त्योहारों को मनाएं उन्होंने कहा की अगर कहीं पर भी विवाद की कोई स्थिति उत्पन्न होती है तो तुरंत पुलिस को सूचना दें।पुलिस तत्काल पहुंचेगी।उन्होंने कहा कि कोई भी कानून को अपने हाथ मे न लें।त्योहार में अराजकता फैलाने वालों पर सख्त कार्यवाही होगी।उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों पर मुझे पूर्ण विश्वास और आशा है की आगामी होने वाले सभी त्यौहार सभी लोग शांतिपूर्ण ढंग व आपसी भाईचारे के साथ मनाएंगे। पटरंगा में एसआई अरुण कुमार,एसआई सुधाकर सिंह,उपनिरीक्षक हरिवंश यादव,एसआई भानु प्रताप शाही,हाईवे चौकी प्रभारी जितेंद्र यादव ने लोगों से कहा कि पिछले समय से जिस तरह से हम लोग आपसी मेल जोल के साथ त्यौहार मनाते चले आए हैं उसी प्रकार इस बार भी शांतिपूर्ण ढंग से त्यौहार मनाएंगे।सभी लोगों से निवेदन है कि राजनीति के चक्कर में पड़कर आपसी संबंध को कोई भी खराब न करें।क्षेत्र की गंगा जमुनी तहजीब को बरकरार रखें।हेड कांस्टेबल मंसाराम यादव,विष्णु यादव,अभिषेक कुमार,अनिल कुमार,राजेश कुमार,रामाश्रय,शिवम व ग्राम प्रधान वाजिदपुर मोहम्मद उस्मान अंसारी,गोपेपुर प्रधान पुत्तन,पूर्व प्रधान मखदूमपुर मोहम्मद नसीम खान,पूर्व प्रधान रामप् प्रेस यादव,ग्राम प्रधान जखोली माताफेर चौरसिया,मुरादाबाद प्रधान प्रतिनिधि बबलू सिंह,ग्राम प्रधान सिधौली पप्पू यादव,ग्राम प्रधान सीवन सिराज अहमद,मोहम्मद यसीर खान,मुन्ने नंबरदार,ग्राम प्रधान खुर्दहा,अमरेश कुमार वर्मा व राम केवल मिस्त्री सहित क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।वहीं कोतवाली रूदौली में एसआई रवीश यादव,चंद्र शेखर यादव इसहाक खान ने लोगों से कहा कि पिछले समय से जिस तरह से हम लोग आपसी मेल जोल के साथ त्यौहार मनाते चले आए हैं उसी प्रकार इस बार भी शांतिपूर्ण ढंग से त्यौहार मनाएंगे।सभी लोगों से निवेदन है कि राजनीति के चक्कर में पड़कर आपसी संबंध को कोई भी खराब न करें।क्षेत्र की गंगा जमुनी तहजीब को बरकरार रखे , बैठक में चेयरमैन जब्बार अली,सभासद आशीष कैलाश वैश्य,उमाशंकर कसौधन,मो0 अजीम,गुलाम मो0,नामित सभासद शिव राम यज्ञसैनी,दुर्गेश चन्द्र श्रीवास्तव,मो0 इरफान,मो0 सलीम,मो0 फारूक,मुमताज राइन,राम सनेही,मनीष पासवान सहित क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## अज्ञात कारणों से लगी आग से सारी गृहस्थी जलकर राख

अयोध्या।(डा. अजय तिवारी जिला संवाददाता)जिले के रुदौली तहसील के पटरंगा थाना क्षेत्र के ग्राम हुसैनगंज मजरे जखौली में शनिवार को लगभग तीन बजे संजू पत्नी भगवान रावत के छप्पर में अचानक आग लग गई।अचानक लगी इस आग से संजू के घर की सारी गृहस्थी जलाकर राख हो गई और इस छप्पर नुमा घर में मौजूद संजू व उसके नाबालिग बच्चों ने भाग कर किसी तरह अपनी जान बचाई।वही आग लगने की सूचना ग्रामीणों फायर स्टेशन को दी।सूचना मिलते ही पहुंची फायर बिग्रेड की टीम के पहुंचने से पहले ही ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया था।आग बुझ जाने की सूचना पाकर आग बुझाने के लिए आ रहे फायरकर्मी रास्ते से ही वापस लौट गए।घटना की सूचना पाकर पर पूर्व ग्राम प्रधान राम प्रेस यादव सहित पटरंगा पुलिस व हल्का लेखपाल मुन्नालाल मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवार को ढाढस बधाया तथा लेखपाल ने आग से हुए नुकसान का आंकलन किया जिसकी रिपोर्ट तहसील प्रशासन को सौंपेंगे जिससे पीड़ित को शीघ्र की सरकारी सहायता मिल सके।उपजिलाधिकारी रूदौली स्वप्निल यादव ने बताया कि लेखपाल की आख्या के आधार पर हर सम्भव सहायता प्रदान की जायेगी।

## निर्माणाधीन सडक के जांच को पहुचीं विशेष टीम

अयोध्या। (राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिले के बडागांव ड्योढ़ी रौनाही संपर्क मार्ग जिसकी लंबाई लगभग 17 किलोमीटर है।निर्माणाधीन सडक में भ्रष्टाचार की शिकायत स्थानीय ग्रामीण विक्रांत गोस्वामी कमलेश सिंह नंदकुमार सिंह अखिलेश जायसवाल राम सुंदर तिवारी सहित सैकड़ों क्षेत्रीय ग्रमीणो ने विधायक बीकापुर डाक्टर अमित सिंह चौहान से की।निर्माणाधीन सडक में हो रहे भ्रष्टाचार की शिकायत पर विधायक अमित सिंह चौहान ने खुद्द विभागीय अधिकारियों के साथ एक सप्ताह पहले निरीक्षण किया था।इस निर्माण में अनियमितता पाए जाने पर विधायक बीकापुर ने उच्च स्तरीय जांच कमेटी गठित कर उचित कार्यवाही के लिए विभाग को लिखा था।जिसको गंभीरता से लेते हुए लोकनिर्माण विभाग ने टीम गठित कर निर्माणा धीन सडक की जांच की मानक के अनुरूप गिट्टी चौडाई और गहराई की नाप की गई।जिसमें भारी अनियमितता पाई गई।सूत्र के मुताबिक वही जांच टीम निर्माणाधीन सडक के मैटेरियल को लैब में जांच के लिए अपने साथ ले गई।जांच करने आई टीम में लोकनिर्माण विभाग के डी सी मनरेगा एक्स ई एन ए ई ने ग्रामीणों को बताया कि जांच रिपोर्ट एक सप्ताह में विभागीय अधिकारियों को भेज दी जायेगी इस मौके पर स्थानीय ग्रामीण व शिकायत कर्ता विक्रांत गोस्वामी कमलेश सिंह नंदकुमार सिंह अजय गुप्ता राकेश जायसवाल डॉ चंद्रेश सिंह राम सुंदर तिवारी दीपू तिवारी रमलल्ला सिंह श्रवण सिंह राम कैलाश वर्मा सुरेन्द्र गोस्वामी योगेन्द्र सिंह फौजी विनोद सिंह दिनेश रावत महादेव पासी गोरव कुमार मोहम्मद समीर छोटे लाल वर्मा सहित सैकड़ों क्षेत्रीय ग्रामीण मौजूद रहे।

## तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर एक की मौत व एक घायल

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता) जिले के कोतवाली नगर अंतर्गत पुलिस चौकी हवाई पट्टी क्षेत्र में आने वाले अवध विश्वविद्यालय के सामने तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी।जिसमे एक की मौत व एक घायल हो गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार रवि पुत्र रामचर न आयु 25 वर्ष निवासी रौहारी थाना हैदरगंज जनपद अयोध्या वीरेंद्र कुमार पुत्र ननकू आयु 35 वर्ष निवासी रामपुर कोतवाली बीकापुर आज प्रातः लगभग 9:00 बजे बाइक द्वारा शहर से घर जा रहा था कि फैजाबाद की तरफ से सुल्तानपुर की तरफ जा रही तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मारकर दोनों युवकों को घायल कर दिया हवाई पट्टी चौकी इंचार्ज आदिल अहमद द्वारा 108 एंबुलेंस के ई एम टी राजा बाबू द्वारा 9:25 पर दोनों घायलों को जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर द्वारा रवि को मृतक घोषित करते हुए शव को मोर्चरी में रखवाया वहीं घायल वीरेंद्र कुमार को भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया फार्मेसिस्ट सर्वेश श्रीवास्तव द्वारा पोस्टमार्टम हेतु पुलिस मेमो बनाकर कोतवाली नगर भिजवा दिया गया है चालक ट्रक लेकर फरार हो गया है।

## बारहवीं की छात्रा को पिता और मित्र द्वारा पीटना पड़ा महंगा

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता) जनपद के कैंट कोतवाली अंतर्गत मऊ शिवाला रोड पर राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कक्षा 12 की छात्रा को पिता और मित्र द्वारा पीटना पड़ा महंगा प्राप्त जानकारी के अनुसार अनामिका बीते 23 अप्रैल शनिवार को कॉलेज से पढ़कर अपने नाना के घर जा रही थी की पिता ओमप्रकाश पुत्र मेवालाल विनय पुत्र अज्ञात निवासी मोइया कला ने दोपहर लगभग 2:00 बजे मऊ शिवाला रोड पर लात घुसा से पिटाई कर दिया घटना की सूचना अनामिका के नाना मनीराम पुत्र दयाराम ग्राम गोदोली मऊ यदुवंश पुर कैंट कोतवाली जनपद अयोध्या ने बदचलन एवं शराबी दामाद ओम प्रकाश विनय पुत्र अज्ञात के खिलाफ कैंट कोतवाली में तहरीर दिया इंस्पेक्टर अरुण प्रताप सिंह ने प्राथमिकी दर्ज करते हुए तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों अभियुक्तों को सीआरपीसी की धारा 151 के अंतर्गत गिरफ्तार कर न्यायालय प्रस्तुत किया गया है।

## जिला पंचायत बोर्ड व जिला विकास योजना समिति की बैठक संपन्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिला पंचायत बोर्ड व जिला विकास योजना समिति की बैठक संपन्न हुई।यह बैठक जिला पंचायत कार्यालय में हुईवित्तीय वर्ष 2022– 23 के प्राप्त होने वाली अनुदान राशि 25 करोड़ के सापेक्ष कार्ययोजना के अनुमोदन पर विचार किया गया। वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए संपत्तियों व विभव कर वसूली के लिए सूची बनाई जा रही।25 करोड़ की अनुदान राशि के सापेक्ष सड़क निर्माण जल निकासी के लिए नाला,ग्रामीण क्षेत्रों में एलईडी लाइट की स्थापना व स्वच्छता के मदों में व्यय किए जाने पर मंथन किया गया।वही रुदौली विधानसभा के न्याय पंचायत नरौली में जिला पंचायत की भूमि पर पूर्व निर्मित अस्पताल के जीर्ण शीर्ण भवन को धराशाई कर उसे एक व्यवसायिक संकुल का स्वरूप दिया जाएगा।इसके साथ साथ में पूर्व में निर्मित दुकानों की भवनों का अनुरक्षण की जाने के निर्देश दिए गए हैं।जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने बैठक की अध्यक्षता की।इस बैठक में जनपद के विधायक,सीडीओ अनीता यादव व व अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रदान किया गया उपहार

अयोध्या।(डा. अजय तिवारी जिला संवाददाता) स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा सड़वा गांव में अभिनंदन एवं स्वागत समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वंय सहायता समूह की अध्यक्ष व नई उड़ान सामाजिक उत्थान सेवा समिति की अध्यक्ष बहन सबीना खातून ने किया।वही इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रूदौली विधायक राम चंद्र यादव के सुपुत्र आलोक चन्द्र यादव व विशिष्ट अतिथि जिला मिशन प्रबंधन श्रीमती सरिता वर्मा मौजूद रही।कार्यक्रम का संचालन राम कुमार यादव स्मारक विद्यालय सड़वा के प्रबंधक महेश चंद्र यादव ने किया। इस दौरान स्वयं सहायता समूह की दीदियों ने मुख्य अतिथि विधायक पुत्र आलोक चंद्र यादव को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया।इस मौके पर विधायक पुत्र आलोक चन्द्र यादव ने स्वयं सहायता समूह की अग्रिणी महिलाओं को भी साड़ी देकर सम्मानित किया।इस दौरान स्वंय सहायता समूह की जिला प्रबन्धक सरिता वर्मा ने कहा कि पूर्व में कोविड के दौरान रोजगार संकट के बावजूद महिला स्वयं सहायता समूहों ने राज्य सरकार के ग्रामीण आजीविका मिशन की मदद से अपने लिए तो जीवनयापन का रास्ता बनाया है।इसके साथ ही उनके द्वारा अन्य ग्रामीण महिलाओं को भी रोजगार के अवसर प्रदान करके उन्हें आगे बढ़ाकर एक मिसाल कायम की गई है।स्वयं सहायता समूह महिलाओं का वह समूह है जिसमें सब कुछ सामूहिक रूप से होता है।गांव की 10 से 15 महिलाएं मिलकर एक समूह बनाती हैं।जिसका एक नाम रखा जाता है।हर माह एक निर्धारित राशि खाते में जमा की जाती है।फिर समूह की किसी सदस्य को धन की आवश्यकता होती है तो उसे एक फीसदी ब्याज पर लोन भी दिया जाता है।महिला सहायता समूह की महिलाएं स्वयं सहायता समूह की सदस्य बड़े गर्व के साथ कहती हैं कि हम सब किसी भी महिला को महाजनों के सामने हाथ नहीं फैलाना पड़ता हैं।क्योंकि अब हमारे पास नकद पैसा भी है।अध्यक्ष बहन सबीना खातून ने कहा कि अगर इसी मॉडल को पूरे जिले में अपना लिया जाए तो महिलाएं भी स्वावलंबी बन सकती हैं।इस दौरान उनके द्वारा मौजूद महिलाओं को विभिन्न ट्रेड का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।जिससे वह उसे अपनाकर अपनी आर्थिक स्थिति सुधार सकें।इस मौके पर सरिता वर्मा जिला मिशन प्रबंधक,आशुतोष मिश्रा, अमित कुमार,फूल चंद्र,संजय कुमार ब्लॉक मिशन प्रबन्धक, बहन शवीना खातून,समीना खातून,निशाद खां, तारिक, पवन, विकास, महेश चंद्र,अम्बरेश यादव, तौफीक,समसीर,ईसार,इन्द्र बहादुर यादव, रामदत्त,आलोक तिवारी और युवा भाजपा नेता विकास यादव, दिनेश यादव,सदानंद यादव,मो. तारिक,मोहम्मद खान आदि लोग उपस्थित रहे।

## हज कमेटी ऑफ इंडिया को मिला नया चेयरमैन

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता) हज कमेटी ऑफ इंडिया को एक लंबे वक्त बाद नया चेयरमैन मिल गया है, एपी अब्दुल्लाकुट्टी को बतौर चीफ, वहीं मुनव्वरी बेगम और महफूजा खातून को वाइस चौयरमेन बनाया गया है। एपी अब्दुल्लाकुट्टी केरल के कन्नूर से लोकसभा सांसद रह चुके हैं, वह 2020 में बीजेपी में शामिल हुए थे।महफूजा खातून भाजपा की बंगाल इकाई की उपाध्यक्ष और मुनव्वरी केंद्रीय वक्फ परिषद की सदस्य हैं। आजाद भारत में पहली बार दो महिलाएं भारतीय हज समिति की उपाध्यक्ष बनी हैं।केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने सभी को बधाई दी है, उन्होंने कहा कि, हज कमेटी ऑफ इंडिया के नव–निर्वाचित चेयरमैन एपी अब्दुल्लाकुट्टी एवं वाईस–चौयरमेन मुनव्वरी साहिबा एवं महफूजा खातून साहिबा को हार्दिक बधाई। मुझे प्रसन्नता है कि पहली बार 2 मुस्लिम महिलायें हज कमेटी की वाईस–चौयरमेन चुनी गई हैं।दरअसल हज कमेटी ऑफ इंडिया में कुल सदस्य करीब 23 होते हैं और यही सदस्य अपना अध्यक्ष चुनते हैं, जिसमें 19 सदस्य गैर सरकारी और 4 सदस्य सरकारी होते हैं।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI सन्दर्भ संख्या – 24 / 234 / 2019 / R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।